# शब्दावली

# Glossary

**प्रस्तुति- राजभाषा विभाग**

# शब्दावली - वर्णानुक्रम में

# Glossary - In Alphabetical Order


A ........ 2

B ........ 8

C ........ 9

D ........ 13

E ........ 15

F ........ 17

G ........ 20

H ........ 21

I ........ 22

J ........ 26

K ........ 27

L ........ 28

M ........ 29

N ........ 31

O ........ 33

P ........ 34

Q ........ 38

R ........ 39

S ........ 41

T ........ 45

U ........ 47

V ........ 48

W ........ 49

Z ........ 51

# A

**Aadhaar - आधार**

*(यह भी देखें / also see* - Unique Identification Authority of India (UIDAI) **-** , Offline Aadhaar, Personal Information*)*

आधार एक 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है, जो भारत सरकार द्वारा भारतीय निवासियों को जारी की जाती है। यह व्यक्ति के बायोमेट्रिक और जैविक डेटा जैसे उंगलियों के निशान, आंख की पुतली के स्कैन और व्यक्तिगत जानकारी से जुड़ा होता है। आधार के कुछ प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं - एक विशिष्ट पहचान प्रदान करना, सब्सिडी और सेवाओं के प्रभावी वितरण को सक्षम बनाना, पहचान से जुड़ी धोखाधड़ी को कम करना और डिजिटल इंडिया पहल को बढ़ावा देना।

**Abridged - संक्षिप्त / संकलित**

*(यह भी देखें / also see*- Annual Report*)*

किसी लेख, पुस्तक या विषय सामग्री का संक्षिप्त संस्करण, जिसमें मूल बातों को बनाए रखते हुए विवरण को छोटा किया गया हो।

**Accounting Policies - लेखांकन नीतियाँ**

*(यह भी देखें / also see*- Director's Responsibility , Disclosure of Information*)*

लेखांकन नीतियाँ वे सिद्धांत, नियम और प्रक्रियाएँ होती हैं, जिनका उपयोग कोई संगठन अपने वित्तीय लेन-देन को रिकॉर्ड करने, वर्गीकृत करने और प्रस्तुत करने के लिए करता है। ये नीतियाँ कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग में एकरूपता और पारदर्शिता बनाए रखने में मदद करती हैं और आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) या अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (IFRS) के अनुसार बनाई जाती हैं।

**Accredited Bank - प्रत्यायित बैंक / अधिकृत बैंक / मान्यता प्राप्त बैंक**

*(यह भी देखें / also see*- Cheque Drawing and Disbursing Office (CDDO), Pay and accounts officer, Trustee bank*)*

अधिकृत बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा मान्यता प्राप्त, वह बैंक होता है जिसे किसी विनियामक संस्था या सरकार द्वारा विशिष्ट वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने, प्रतिभूति तथा जमा स्वीकार करने और कानूनी मानकों के अनुसार संचालित होने की अनुमति दी गई हो। इसे वित्तीय लेन-देन के लिए भरोसेमंद माना जाता है और यह सभी आवश्यक कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करता है।

एनपीएस स्थापत्य के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक या कोई भी ऐसा बैंक अभिप्रेत है जो उस मंत्रालय या विभाग या संघ राज्य क्षेत्र से सम्बंधित सरकार के व्यापार और कामकाज के लिए नियुक्त किया जाता है और न्यासी बैंक को निधियों का अंतरण करने हेतु मान्यता प्राप्त है।

**Accrual Rate - अर्जन दर / संचयी दर**

(यह भी देखें / also see- Pension, Replacement Rate)

यह निर्धारित करता है कि किसी कर्मचारी की सेवा के प्रत्येक वर्ष में कितनी पेंशन राशि जमा की जाएगी।

**Accrued Interest - संचित ब्याज / अर्जित ब्याज**

*(यह भी देखें / also see*- Accrual Rate, Replacement Rate*)*

वह ब्याज, जो उधार लिए गए धन या निवेश पर अब तक अर्जित हो चुका है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। संचित ब्याज तब उत्पन्न होता है, जब ब्याज भुगतान की समयावधि और ब्याज अर्जित होने की समयावधि के बीच अंतर होता है।

**Accumulated Pension Corpus/Wealth - संचित पेंशन कोष / संपत्ति**

*(यह भी देखें / also see*- Pension, Pension fund, Systematic Lump Sum Withdrawal (SLW)*)*

संचित पेंशन कोष/संपत्ति वह राशि है, जो एक व्यक्ति या समूह द्वारा उनके पेंशन खाते में समय-समय पर जमा की गई होती है। यह राशि कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के अंशदान, निवेश से मिलने वाले रिटर्न / ब्याज के माध्यम से बढ़ती रहती है। जब व्यक्ति सेवानिवृत्त होता है, तो इस संचित कोष/संपत्ति का उपयोग उसे नियमित रूप से पेंशन प्रदान करने के लिए किया जाता है, जो उसकी आजीविका का सहारा बनती है।

**Accumulation - संचयन**

*(यह भी देखें / also see*- Accumulated Pension Corpus/, Net Worth, Pension, Pension fund*)*

एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें समय के साथ धीरे-धीरे किसी चीज़ को संग्रहित या संचित किया जाता है।

**Action Taken in Good Faith - सद्भावना युक्त कार्रवाई**

*(यह भी देखें / also see* –Efficient Discharge of Functions*)*

इसका मतलब है कि किसी निर्णय या कार्य को बिना किसी दुर्भावना, धोखे, या गलत उद्देश्य के ईमानदारी, निष्पक्षता, और नेक नीयत से किया गया है, । सद्भावना में की गई कार्रवाई में यह माना जाता है कि व्यक्ति या संगठन ने अपने कर्तव्यों का पालन सही और सत्यता के साथ किया है, भले ही उसके परिणाम या प्रभाव अनपेक्षित हों।

**Active Fund Management - सक्रिय निधि प्रबंधन**

*(यह भी देखें / also see* – Passive Fund Management*,* Pension fund, Investment Guidelines, Investment Pattern, G-sec, Bond)

वह निवेश दृष्टिकोण जिसमें एक फंड प्रबंधक (या उनकी टीम) बाजार में बेहतर प्रदर्शन करने और अधिक रिटर्न उत्पन्न करने के लिए सक्रिय रूप से निवेश निर्णय लेती है। इसमें शेयर, बॉन्ड या अन्य परिसंपत्तियों का चयन बाजार की स्थितियों, आर्थिक रुझानों और कंपनी के विश्लेषण के आधार पर किया जाता है।

**Active Member- सक्रिय सदस्य (पेंशन योजना का)**

*(यह भी देखें / also see* – PRAN (Permanent Retirement Account Number)*,* Tier I Account*,* Tier II Account*)*

वह व्यक्ति, जो किसी पेंशन योजना में सक्रिय रूप से अंशदान कर रहा हो। इसका मतलब है कि वह व्यक्ति वर्तमान में योजना में नियमित रूप से धन जमा कर रहा है, और उसका पेंशन खाता सक्रिय स्थिति में है।

**Actuarial Assumptions - बीमांकिक गणना अनुमान**

*(यह भी देखें / also see-* Actuary, Actuarial Valuation*)*

यह अनुमान उन मान्यताओं पर आधारित होते हैं जिन्हें एक एक्चुअरी (जो गणना, बीमा, पेंशन, और अन्य वित्तीय जोखिमों का विश्लेषण करता है) विभिन्न वित्तीय घटनाओं के भविष्य के प्रभावों का अनुमान लगाने के लिए उपयोग करता है। इन अनुमानों का उपयोग पेंशन स्कीमों, बीमा पॉलिसियों, और अन्य वित्तीय उत्पादों के मूल्यांकन में किया जाता है, ताकि सही प्रीमियम, भत्ते, और अन्य वित्तीय परिणाम तय किए जा सकें।

**Actuarial Valuation - बीमांकिक मूल्यांकन**

*(यह भी देखें / also see-* Actuary, Actuarial Assumptions*)*

ऐसी प्रक्रिया जिसमें किसी वित्तीय योजना या उत्पाद के लिए भविष्य में होने वाले खर्चों और आय का आकलन किया जाता है। यह आकलन गणितीय मॉडलों और सांख्यिकीय तकनीकों का उपयोग करके किया जाता है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सन्दर्भ में इसका अर्थ है, योजना की वित्तीय स्थिति और दीर्घकालिक स्थिरता का आकलन करने की प्रक्रिया ।

**Actuary - एक्चुअरी विशेषज्ञ / गणक / बीमांकिक**

*(यह भी देखें / also see-* Actuarial Assumptions, Actuarial Valuation*)*

एक एक्चुअरी वह पेशेवर होता है जो गणना, सांख्यिकी, और वित्तीय सिद्धांतों का उपयोग करके भविष्य में होने वाली घटनाओं के जोखिम और वित्तीय प्रभावों का अनुमान करता है। एक्चुअरी का मुख्य काम विभिन्न प्रकार के जोखिमों (जैसे बीमा, पेंशन, स्वास्थ्य, निवेश आदि) के लिए वित्तीय योजना बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है।

**Adjudicating officer – निर्णय अधिकारी / न्याय-निर्णायक अधिकारी**

*(यह भी देखें / also see-* Adjudication*,* Investigation*,* Investigating Authority*)*

वह व्यक्ति या अधिकारी जिसे किसी कानूनी, प्रशासनिक, या विनियामक मामले में निर्णय देने का अधिकार प्राप्त होता है। इस अधिकारी को आमतौर पर सरकार, न्यायिक निकाय, या किसी विनियामक संस्था द्वारा नियुक्त किया जाता है, और यह अधिकारी विवादों, नियम उल्लंघन, या अन्य मामलों में सुनवाई करके निर्णय देने के लिए अधिकृत होता है।

**Adjudication - निर्णय प्रक्रिया / विवाद निपटान प्रक्रिया**

*(यह भी देखें / also see-* Adjudicating officer , Investigation*,* Investigating Authority*)*

एक औपचारिक कानूनी प्रक्रिया, जिसमें किसी विवाद, मुद्दे या कानूनी मामले का निष्पक्ष निर्णय लिया जाता है।

**Administrative Powers - प्रशासनिक शक्तियाँ**

*(यह भी देखें / also see-* Administrator*,* Authorised Signatory*,* Authority*,* Authorized Representative*)*

यह वे शक्तियाँ और अधिकार होते हैं, जो किसी संगठन, सरकार, या संस्था के प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जाते हैं, ताकि वे संस्थागत कार्यों का संचालन कर सकें। प्रशासनिक शक्तियाँ उन कार्यों और निर्णयों की सीमा को निर्धारित करती हैं जिन्हें प्रशासनिक अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में निष्पादित कर सकते हैं। ये शक्तियाँ सार्वजनिक नीति, नियमों, संसाधनों के प्रबंधन और सेवा वितरण के लिए जिम्मेदार होती हैं।

**Administrator - प्रशासक**

*(यह भी देखें / also see-* Administrative Powers, Authorised Signatory, Authority, Authorized Representative*)*

प्रशासक वह व्यक्ति होता ह जो किसी संगठन, संस्था, या सरकार में प्रशासनिक कार्यों का संचालन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी नीतियाँ, नियम और प्रक्रियाएँ सही तरीके से लागू हों। यह व्यक्ति व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने, निर्णय लेने, और संसाधनों का प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार होता है।

**Aggregator - संग्राहक / समेकक / समूहक**

*(यह भी देखें / also see-* NPS Lite / **Swavalamban***)*

एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म या सेवा है, जो कई स्रोतों से एक ही प्रकार की सेवाओं या उत्पादों को इकट्ठा करता है और उन्हें उपयोगकर्ताओं के लिए एक जगह पर उपलब्ध कराता है। एग्रीगेटर का काम विभिन्न सेवा-प्रदाताओं या विक्रेताओं की जानकारी को समेकित (अर्थात इकट्ठा) करके ग्राहकों तक पहुँचाना होता है, जिससे ग्राहकों को कई विकल्प एक ही स्थान पर मिल जाते हैं।

**Alternative Investment Fund (AIF) - वैकल्पिक निवेश कोष**

*(यह भी देखें / also see-* Asset Class, Assets Under Management , Bond, G-sec, Pension fund, Securities*)*

वैकल्पिक निवेश कोष एक प्रकार का निवेश कोष है, जो पारंपरिक निवेश साधनों जैसे कि स्टॉक्स, बॉन्ड और नकद से अलग होता है। AIF में निवेशक उन संपत्तियों में निवेश करते हैं जिनका पारंपरिक वित्तीय बाजारों में कोई प्रत्यक्ष स्थान नहीं होता। इन कोषों का उद्देश्य उच्च लाभ अर्जित करना है, लेकिन ये पारंपरिक निवेशों की तुलना में अधिक जोखिमपूर्ण हो सकते हैं। AIF अनेक प्रकार के होते हैं जैसे, वेंचर फंड्स, हेज फंड्स, प्राइवेट इक्विटी, कॉमोडिटी फंड्स, रीयल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (REiTs) एवं INViTs आदि। भारत में, वैकल्पिक निवेश कोषों का विनियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा किया जाता है।

**Annual Report - वार्षिक रिपोर्ट**

*(यह भी देखें / also see-* Abridged, Year-on-Year (Y-o-Y)*)*

यह एक दस्तावेज़ है, जो किसी कंपनी, संगठन या संस्था द्वारा अपने वित्तीय वर्ष के अंत में तैयार किया जाता है। वार्षिक रिपोर्ट में उस वर्ष की वित्तीय स्थिति, कार्यों की उपलब्धियाँ और अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ शामिल होती हैं। इसका उद्देश्य शेयरधारकों, निवेशकों, कर्मचारियों, और अन्य संबंधित पक्षों को कंपनी, संगठन या संस्था के प्रदर्शन, वित्तीय स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देना है।

**Annualized Return - वार्षिकीकृत प्रतिफल**

*(यह भी देखें / also see-* Accumulated Pension Corpus/, Net Worth, Pension, Pension fund*)*

यह निवेश के उस औसत वार्षिक रिटर्न को दर्शाता है, जो किसी निवेश द्वारा एक निश्चित समयावधि में प्राप्त हुआ हो। यह यह बताने का तरीका है कि अगर आपका निवेश समान दर से हर साल बढ़ता, तो उस अवधि के अंत में आपको कुल रिटर्न क्या मिलता |

**Annuitisation - वार्षिकीकरण**

*(यह भी देखें / also see-* Annuity, Annuity for Lfe, Purchase Price, Return of Purchase Price*)*

ऐसी प्रक्रिया जिसमें किसी संचित पेंशन कोष या राशि को नियमित रूप से मिलने वाली आय में बदल दिया जाता है। इस आय को वार्षिकी (annuity) कहा जाता है, जो व्यक्ति को उसकी सेवानिवृत्ति के बाद मासिक, त्रैमासिक, या वार्षिक किस्तों में मिलती है।

**Annuity - वार्षिकी**

*(यह भी देखें / also see-* Annuitisation, Annuity, Annuity for Lfe, Purchase Price, Return of Purchase Price*)*

एक वित्तीय व्यवस्था जिसके तहत व्यक्ति या संस्था को एक निश्चित समयांतराल पर (मासिक, त्रैमासिक, वार्षिक आदि) एक निश्चित राशि का भुगतान किया जाता है। वार्षिकी, विशेष रूप से सेवानिवृत्ति के बाद, नियमित आय प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाती है।

**Annuity contract - वार्षिकी अनुबंध**

*(यह भी देखें / also see-* Annuitisation, Annuity, Annuity for Lfe, Purchase Price, Return of Purchase Price*)*

एक कानूनी समझौता जिसमें एक व्यक्ति (या संस्था) एक निर्धारित राशि का भुगतान करता है, और इसके बदले में उसे एक निश्चित समयावधि के दौरान या जीवनभर नियमित आय प्राप्त होती रहती है। यह अनुबंध आमतौर पर बीमा कंपनियों या वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रदान किया जाता है।

**Annuity for Lfe - जीवनभर के लिए वार्षिकी**

*(यह भी देखें / also see -* Annuitisation, Annuity, Annuity contract, Purchase Price, Return of Purchase Price*)*

वह वित्तीय व्यवस्था जिसके तहत एक व्यक्ति को उसके जीवनकाल के दौरान नियमित अंतराल (जैसे मासिक या वार्षिक) पर एक निश्चित राशि का भुगतान किया जाता है। यह आमतौर पर सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय सुनिश्चित करने के लिए उपयोग की जाती है।

**Appeal - अपील**

*(यह भी देखें / also see-* Appellate Tribunal, Complaint, Grievance*)*

वह कानूनी प्रक्रिया जिसमें किसी व्यक्ति या पक्ष द्वारा उच्च न्यायालय या अपीलीय न्यायालय में किसी पूर्व निर्णय या आदेश के खिलाफ पुनर्विचार के लिए आवेदन किया जाता है। अपील का उद्देश्य किसी विशेष मामले में समुचित न्याय या सही निर्णय की पुनरावृत्ति प्राप्त करना होता है।

**Appellate Tribunal - अपीलीय न्यायाधिकरण**

*(यह भी देखें / also see –* Appeal, Complaint, Grievance*)*

यह एक विशेष न्यायिक निकाय है, जिसका कार्य पहले से पारित आदेशों और निर्णयों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करना होता है। अपीलीय न्यायाधिकरण विशेष रूप से उन मामलों की सुनवाई करते हैं, जो किसी निचली अदालत, प्राधिकरण, या अन्य सरकारी निकाय द्वारा दिए गए निर्णयों के खिलाफ होती हैं।

**APY-SP - एपीवाई-एसपी (अटल पेंशन योजना सेवाप्रदाता)**

*(यह भी देखें / also see-* Business Correspondent (BC), Co-operative Banks, NPS Lite/ Swavalamban, Pension agent, RRB, SFB)

अटल पेंशन योजना सेवाप्रदाता वे वित्तीय संस्थान होते हैं, जो अटल पेंशन योजना को लागू और संचालित करने का कार्य करते हैं। ये सेवाप्रदाता पेंशन योजना के तहत पंजीकरण, अंशदान के कलेक्शन और पेंशन वितरण जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं।

**Aspirational District - आकांक्षी जिला**

*(यह भी देखें / also see-* Lead District Manager (LDM), State Level Bankers' Committee (SLBC)*)*

आकांक्षी जिला कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसे 2018 में नीति आयोग ने शुरू किया। आकांक्षी जिलों को उन क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया है, जो विकास की दृष्टि से पीछे रह गए हैं। इसमें ऐसे जिलों का चयन किया गया है, जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

**Asset Allocation - परिसंपत्ति आवंटन / आस्ति आवंटन**

*(यह भी देखें / also see-* Asset Class, Bond, Corporate Bonds, G-sec, Pension fund, Securities*)*

यह एक निवेश रणनीति है जिसमें निवेशक अपने धन को विभिन्न प्रकार के निवेशों (संपत्तियों) में वितरित करता है, जैसे कि स्टॉक्स (शेयर), बॉड्स (बांड), रीयल एस्टेट, कैश, या अन्य निवेश साधन। इसका उद्देश्य जोखिम को कम करना और संभावित रिटर्न को बढ़ाना होता है। सही संपत्ति आवंटन से निवेशक विभिन्न आर्थिक परिस्थितियों में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही अपने निवेशों को सुरक्षित रख सकते हैं।

**Asset Class - आस्ति / परिसंपत्ति वर्ग**

*(यह भी देखें / also see –* Asset Allocation, Bond, Corporate Bonds, G-sec, Pension fund, Securities*)*

आस्ति / परिसंपत्ति वर्ग (Asset Class) उन निवेशों का समूह होता है जो समान प्रकार की विशेषताओं, जोखिमों और रिटर्न प्रोफाइल्स (लाभ की संभावना) साझा करते हैं। निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए विभिन्न संपत्ति वर्गों में निवेश करने की सलाह दी

जाती है। यह निवेशकों को जोखिम को नियंत्रित करने में मदद करता है और विभिन्न प्रकार के बाजारों में संभावित लाभ प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है।

**Asset Servicing Charges - आस्ति सेवा शुल्क**

*(यह भी देखें / also see* – Asset Class, Asset Allocation, Bond, G-sec, Pension fund, Securities*)*

वह शुल्क जो वित्तीय संस्थाएं, जैसे कि बैंक, म्यूचुअल फंड, या निवेश प्रबंधन कंपनियाँ, अपने ग्राहकों से उनकी संपत्तियों (जैसे शेयर, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड्स आदि) से संबंधित सेवाओं के लिए वसूल करती हैं।

**Asset Smoothing - संपत्ति सुगमता / आस्ति सुगमता**

*(यह भी देखें / also see* – Asset Class, Asset Allocation, Bond, G-sec, Pension fund, Securities*)*

यह एक ऐसी तकनीक है जिसका इस्तेमाल कंपनियां अपने वित्तीय विवरणों को अधिक स्थिर और सुसंगत दिखाने के लिए करती हैं। यह कंपनी की संपत्तियों और देनदारियों के मूल्य को समय के साथ सुगम बनाकर किया जाता है।

**Assets Under Management (AUM) - प्रबंधनाधीन संपत्ति / आस्ति**

*(यह भी देखें / also see* – Asset Class, Asset Allocation, Bond, G-sec, Pension fund, Securities*)*

AUM वह कुल मूल्य होता है जो किसी निवेश कंपनी, म्यूचुअल फंड, पेंशन फंड या किसी अन्य निवेश प्रबंधन संस्था द्वारा प्रबंधित किया जाता है। यह संस्था के पास सभी निवेशकों के निवेश की कुल राशि को दर्शाता है। AUM निवेश प्रबंधकों के लिए एक महत्त्वपूर्ण मापदंड है, क्योंकि यह उनकी वित्तीय स्थिति और बाजार में प्रभाव का संकेत देता है।

**Attachment of Assets - संपत्तियों / आस्तियों की संलग्नता**

यह एक कानूनी प्रक्रिया है जिसमें अदालत किसी व्यक्ति या संस्था की संपत्तियों को एक विशेष उद्देश्य के लिए जब्त या संलग्न कर लेती है। यह आमतौर पर तब होता है जब किसी व्यक्ति या कंपनी के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही चल रही हो, जैसे कि कर्ज चुकता न करने या किसी वित्तीय दायित्व के उल्लंघन के मामले में। इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि यदि न्यायालय ने आदेश दिया तो वह व्यक्ति या कंपनी अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा कर सके। संपत्तियों की संलग्नता एक कानूनी प्रक्रिया है जो वित्तीय दायित्वों और अनुशासन को बनाए रखने में मदद करती है, लेकिन इसे सही तरीके से लागू किया जाना चाहिए ताकि यह निष्पक्ष और पारदर्शी रहे।

**Authorised Signatory - अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

*(यह भी देखें / also see* -Authorized Representative, Authority, Authorization*)*

वह व्यक्ति या पद जिसे किसी संगठन, कंपनी, या संस्था की ओर से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार प्राप्त होता है।

**Authority - अधिकार या प्राधिकार / प्राधिकारी**

*(यह भी देखें / also see* -Authorized Representative, Authorised Signatory Authorization*)*

एक व्यक्ति, संगठन या निकाय जिसे किसी विशेष कार्य करने या उससे सम्बन्धित निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है।

**Authorization - अधिकार देना / प्राधिकृत करना**

*(यह भी देखें / also see* -Authorized Representative, Authorised Signatory Authority*)*

इसे एक अधिकार पत्र या कानूनी स्वीकृति के रूप में देखा जा सकता है, जिससे किसी व्यक्ति या संगठन को कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने का अधिकार प्राप्त होता है।

**Authorized Representative - अधिकृत प्रतिनिधि**

*(यह भी देखें / also see* - Authorised Signatory, Authority, Authorization*)*

वह व्यक्ति जिसे किसी संगठन, कंपनी या संस्था द्वारा विशेष कार्यों को करने या उससे सम्बन्धित निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जाता है।

**Automatic enrolment - स्वत: पंजीकरण**

*(यह भी देखें / also see* – PRAN (Permanent Retirement Account Number), Tier I Account, Tier II Account*)*

वह पेंशन प्रणाली जिसमें पात्र कर्मचारियों को उनके नियोक्ता द्वारा पेंशन योजना में स्वतः शामिल कर लिया जाता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करें, और उन्हें योजना में शामिल होने के लिए कोई अतिरिक्त कदम उठाने की आवश्यकता न हो।

**Average Account Per Branch (AAPB) - औसत खाता प्रति शाखा**

*(यह भी देखें / also see* –APY-SP，Aspirational District，Financial inclusion，Pension *)*

अटल पेंशन योजना (APY) के सन्दर्भ में प्रत्येक बैंक शाखा में खोले गए औसत अटल पेंशन योजना खातों की संख्या को दर्शाता है। यह एक मापक है जिसका उपयोग बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रदर्शन को मापने के लिए किया जाता है, ताकि यह तय किया जा सके कि वे अटल पेंशन योजना को बढ़ावा देने और अभिदाताओंको इसमें शामिल करने में कितने सफल हो रहे हैं।

**Awareness - जागरूकता**

*(यह भी देखें / also see* – Subscriber Awareness Programme*)*

यह किसी विशेष विषय, स्थिति, या घटना के बारे में ज्ञान या समझ रखने की स्थिति को दर्शाता है। जब किसी व्यक्ति या समुदाय को किसी मुद्दे, समस्या, या स्थिति के बारे में जानकारी होती है, तो उसे जागरूक माना जाता है। यह किसी भी प्रकार की जानकारी या समझ को विकसित करने की प्रक्रिया को समझाता है, ताकि किसी व्यक्ति, समूह, या समाज को किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने और सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# B

**Beneficial Interest - फायदाप्रद/लाभकारी हित**

*(यह भी देखें / also see –*Beneficiary*,* Legal Heir*,* Nomination*,* Nominee*)*

वह कानूनी या वित्तीय अवधारणा, जो उस अधिकार को दर्शाती है जिसके तहत किसी व्यक्ति या पक्ष के पास किसी संपत्ति, निवेश या आस्ति से होने वाले लाभ का अधिकार होता है, भले ही वह संपत्ति उसके नाम पर न हो।

**Beneficiary - लाभार्थी**

*(यह भी देखें / also see-* Beneficial Interest*,* Legal Heir*,* Nomination*,* Nominee*)*

यह वह व्यक्ति, समूह, या संस्था होती है जिसे किसी विशेष योजना, दान, पेंशन, बीमा या किसी अन्य प्रकार से लाभ प्राप्त होता है। लाभार्थी वह व्यक्ति होता है जिसे किसी विशेष संपत्ति, धन, सेवा या अन्य संसाधनों का फायदा मिलता है, विशेष रूप से किसी कानूनी या वित्तीय प्रक्रिया के तहत।

**Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (BNSS) - भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (BNSS)**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (BNSS) ने दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 को प्रतिस्थापित किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (BNSS), 25 दिसंबर 2023 को लागू की गई, जिसका उद्देश्य उपनिवेशी काल के 19वीं सदी के आपराधिक कानूनों को समाप्त करना था। इसका मुख्य उद्देश्य न्याय प्रणाली में सुधार लाना, मुकदमों की लंबी प्रक्रिया और देर से न्याय देने की समस्या को दूर करना है। यह कानून जांच, ट्रायल और न्याय वितरण प्रक्रिया को अधिक त्वरित और प्रभावी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023- भारतीय न्याय संहिता, 2023 (BNS)**

भारतीय न्याय संहिता, 2023 (BNS), जिसे अगस्त 2023 में पेश किया गया, को भारतीय दंड संहिता (IPC) 1860 के स्थान पर तैयार किया गया है। यह नया कानून भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने, पुराने प्रावधानों को हटाने और समकालीन मुद्दों जैसे आतंकवाद, संगठित अपराध और मानवाधिकारों से जुड़े अपराधों को समुचित तरीके से संबोधित करने के उद्देश्य से प्रस्तावित है।

**Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023**

भारत सरकार द्वारा पारित एक नया कानूनी ढांचा है, जो 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करता है। यह अधिनियम साक्ष्य के नियमों को आधुनिक बनाने और डिजिटल युग के अनुसार उन्हें समकालीन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

**Bond- बॉन्ड/ ऋण पत्र**

*(यह भी देखें / also see –* Asset Class*,* Asset Allocation*,* G-sec*,* Securities*)*

इसके माध्यम से कोई संस्था या सरकार पैसे उधार लेती है और निवेशकों को ब्याज (coupon) के रूप में भुगतान करती है। बॉन्ड जारी करने वाले (जैसे सरकार या कंपनियाँ) वादा करते हैं कि एक निश्चित समय के बाद बॉन्ड की मूलधन राशि (Principal) को वापस किया जाएगा।

**Business Correspondent (BC)- बिजनेस करेस्पॉन्डेंट / व्यवसाय वितरक**

*(यह भी देखें / also see –* Average Account Per Branch*,* APY-SP*,* Financial inclusion*,* Pension *)*

एक ऐसा व्यक्ति या संस्था होती है जिसे बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा नियुक्त किया जाता है ताकि वह उन दूरदराज़ या वंचित क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सके जहाँ बैंक की शाखाएँ उपलब्ध नहीं होती हैं। बिजनेस करेस्पॉन्डेंट का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के लोगों को बुनियादी बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिल सके।

**Business Day- कारोबारी दिन / व्यवसाय दिवस**

*(यह भी देखें / also see –* Accredited Bank*,* Pension fund*,* Trustee bank*)*

कारोबारी दिन का मतलब उस दिन से है जिस दिन कोई व्यापारिक या व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती है। आमतौर पर, यह सप्ताह के कार्यदिवसों में आता है, जैसे कि सोमवार से शुक्रवार तक, जबकि शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियाँ इसमें शामिल नहीं होती हैं। एनपीएस स्थापत्य के अंतर्गत कारोबारी दिन का अर्थ उस दिन से है जिस दिन व्यवसाय करने के लिए निम्नलिखित सभी कार्य करते हों- न्यासी बैंक की नामित शाखा, इक्विटी और बांड बाज़ार के लिए स्टॉक एक्सचेंज; और सरकारी प्रतिभूति बाज़ार ।

# C

**Category of Banks - बैंकों की श्रेणी**

*(यह भी देखें / also see* – Co-operative Banks, Public Sector Banks, Private Sector Banks, Payments Bank, Regional Rural Banks (RRBs), Small Finance Banks*)*

अटल पेंशन योजना (APY) के सन्दर्भ में बैंकों की श्रेणी का मतलब बैंकों के प्रकार और योजना के कार्यान्वयन और प्रचार-प्रसार में उनकी भूमिका के आधार पर किया गया उनका वर्गीकरण।

**Central Grievance Management System (CGMS) - केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीजीएमएस)**

*(यह भी देखें / also see-* Appellate Tribunal Complaint, Complainant, Grievance, Grievance Redressal Policy*)*

एनपीएस के संदर्भ में, सीजीएमएस एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है जिसे पीएफ़आरडीए द्वारा प्रबंधित किया जाता है। यह सिस्टम एनपीएस अभिदाताओं की शिकायतों को समय पर और पारदर्शी तरीके से निपटाने के लिए बनाया गया है। सीजीएमएस का उद्देश्य अभिदाताओं को उनके मुद्दों के समाधान के लिए एक आसान और प्रभावी मंच प्रदान करना है, जो एनपीएस सेवाओं में उनके अनुभव को बेहतर बनाता है।

**Central KYC Records Registry (CKYCR) - सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री**

*(यह भी देखें / also see-* C-KYC Identifier, eKYC, KYC, KYS*)*

यह एक ऐसा केंद्रीय डेटाबेस है, जहां सभी भारतीय ग्राहकों से सम्बन्धित "नो योर कस्टमर" (KYC) जानकारी को एक ही जगह पर संग्रहित किया जाता है। यह एक तरह का डिजिटल पहचान कार्ड है, जो वित्तीय संस्थानों को किसी ग्राहक के बारे में आवश्यक जानकारी एकत्र करने में सहयोग करता है और सत्यापित करने की प्रक्रिया को आसान बनाता है।

**Central Public Information Officer (CPIO) - केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी**

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (CPIO) एक सरकारी पद है, जिसपर सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 (RTI Act 2005) के तहत नियुक्ति की जाती है। यह अधिकारी किसी भी सरकारी विभाग या संगठन में 'सूचना का अधिकार अधिनियम' के तहत प्राप्त होने वाले सूचना के अनुरोधों का प्रबंधन करता है।

**Certificate of Registration - पंजीकरण प्रमाणपत्र / रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र**

एनपीएस के संदर्भ में, वह दस्तावेज़ है, जो बताता है कि किसी व्यक्ति या संगठन ने सफलतापूर्वक एनपीएस के तहत पंजीकरण किया है।

**Cheque Drawing and Disbursing Office (CDDO) - चेक आहरण और संवितरण अधिकारी**

*(यह भी देखें / also see* – Accredited Bank, Government Sector , Pay and accounts officer*)*

चेक आहरण और संवितरण अधिकारी से किसी मंत्रालय या विभाग (जिसमे केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग, वन विभाग और ऐसे विभाग सम्मिलित हैं जिन्हें केंद्रीय लोक निर्माण खाता संहिता के उपबंधों का अनुपालन करने के लिए अधिकृत किया गया है) या किसी संघ राज्य क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करने वाला आहरण और संवितरण अधिकारी अभिप्रेत है, जो एक प्रत्यायित बैंक से विनिर्दिष्ट प्रकार के भुगतानों हेतु पैसे निकालने के लिए प्राधिकृत किया गया हो।

**Citizen of India- भारतीय नागरिक**

*(यह भी देखें / also see* – Subscriber*)*

वह व्यक्ति होता है, जो भारतीय संविधान के तहत भारत का वैध नागरिक माना जाता है। भारतीय नागरिकता, भारत सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और कानूनों के अनुसार प्राप्त की जाती है और भारतीय नागरिकों के कई अधिकार और कर्तव्य होते हैं।

**C-KYC Identifier - सी-केवाईसी पहचानकर्ता**

*(यह भी देखें / also see-* eKYC, KYC, KYS*)*

यह एक 14 अंकों की अद्वितीय पहचान संख्या है, जो उन व्यक्तियों को दी जाती है जिन्होंने सी-केवाईसी पंजीकृत वित्तीय संस्थान के साथ अपनी *नो योर कस्टमर (केवाईसी)* प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस केंद्रीकृत प्रणाली, जिसे सेंट्रल केवाईसी (सीकेवाईसी) के नाम से जाना जाता है, ग्राहक को विभिन्न वित्तीय संस्थानों में अपनी केवाईसी जानकारी का पुन: उपयोग करने की अनुमति देती है, जिससे बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होती है।

**Co-contribution - सह-अंशदान**

*(यह भी देखें / also see* – Contribution Amount, Persistency, Zero balance account, Systematic investment plan (SIP)*)*

अटल पेंशन योजना के सन्दर्भ में सह-अंशदान का अर्थ है योजना के पात्र अभिदाताओं को भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता। यह अंशदान सरकार द्वारा एक प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोग, विशेषकर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति, अटल पेंशन योजना में शामिल हों और अपनी सेवानिवृत्ति के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

**Code of Conduct - आचार संहिता**

यह एक दस्तावेज़ या नीति होती है जो किसी संगठन, संस्था, या समूह के सदस्यों के लिए अपेक्षित व्यवहार, नैतिक मानदंडों, और जिम्मेदारियों को निर्धारित करती है।

**Cognizance of Offence- अपराध का संज्ञान**

अर्थात जब कोई अदालत या न्यायिक अधिकारी किसी अपराध के बारे में सूचना प्राप्त करता है और वह उस अपराध पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लेता है। संज्ञान लेने का यह कदम तब उठाया जाता है जब किसी अपराध का खुलासा किया जाता है, या अदालत को किसी अपराध की जानकारी मिलती है।

**Competent Authority - योग्य प्राधिकारी / सक्षम प्राधिकारी**

*(यह भी देखें / also see* - Authority, Authorization, Authorised Signatory*)*

यह एक ऐसा व्यक्ति या निकाय होता है, जिसे किसी विशेष कार्य, निर्णय या अधिकारों को लागू करने के लिए प्राधिकृत किया गया हो।

**Commencement of Business - व्यवसाय का प्रारंभ**

एक कानूनी और व्यावसायिक प्रक्रिया, जिसमें किसी कंपनी या व्यवसाय को आधिकारिक रूप से संचालन शुरू करने की अनुमति प्राप्त होती है।

**Commercial Bid - वाणिज्यिक बोली / निविदा**

*(यह भी देखें / also see* – Financial Proposal, Pre-bid, Technical Proposal*)*

किसी प्रस्ताव या निविदा प्रक्रिया में दी जाने वाली ऐसी पेशकश, जिसमें वित्तीय विवरण और शर्तें शामिल होती हैं। यह बोली किसी उत्पाद, सेवा या परियोजना को प्रदान करने के बदले मांगी गई कीमत और अन्य आर्थिक शर्तों को स्पष्ट करती है। वाणिज्यिक बोली का उपयोग प्रायः सरकारी या निजी परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में किया जाता है।

**Compensation - मुआवजा / क्षतिपूर्ति**

*(यह भी देखें / also see* –Contravention, Penalty, Violation*)*

किसी व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए कार्य, हुए नुकसान या शारीरिक, मानसिक या वित्तीय हानि के लिए प्रदान किया गया मूल्य या भुगतान। यह किसी के द्वारा भोगे गए नुकसान, चोट, या परेशानी के बदले दिया जाने वाला पैसा, सेवा या अन्य लाभ हो सकता है।

**Complainant - शिकायतकर्ता**

*(यह भी देखें / also see* – Complaint, Grievance, Grievance Redressal Policy*)*

वह व्यक्ति या पक्ष होता है जो किसी अन्य व्यक्ति, संगठन या निकाय के खिलाफ कोई शिकायत या आरोप दर्ज करता है।

**Complaint - शिकायत**

*(यह भी देखें / also see* – Complainant, Grievance, Grievance Redressal Policy*)*

एक औपचारिक रिपोर्ट या संदेश, जिसमें किसी समस्या, अनुचित व्यवहार या कानून के उल्लंघन के बारे में जानकारी दी जाती है।

**Compliance - अनुपालन**

किसी व्यक्ति, संस्था, या संगठन द्वारा निर्धारित नियमों, कानूनों, विनियमों या नीतियों का पालन करना। यह एक प्रकार से उन सभी कानूनी और वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना है, जो संबंधित क्षेत्र या उद्योग में लागू होती हैं।

**Compliance Officer - अनुपालन अधिकारी**
*(यह भी देखें / also see* – Compliance Report, Compliance*)*
वह व्यक्ति जो किसी संगठन में नियमों, कानूनों और नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

**Compliance Report - अनुपालन रिपोर्ट**
*(यह भी देखें / also see* – Compliance, Compliance Officer*)*
एक दस्तावेज़ जो किसी संगठन या कंपनी के द्वारा नियमों, कानूनों और आचार संहिताओं के अनुपालन की स्थिति को दर्शाता है।

**Conditions of Service - सेवा की शर्तें**
उन नियमों, नीतियों और प्रक्रियाओं का समूह, जो किसी कर्मचारी के काम करने की स्थिति, अधिकार और दायित्वों को निर्धारित करते हैं।

**Confidentiality - गोपनीयता**
*(यह भी देखें / also see-* Proprietary Data*)*
एक अवधारणा जो किसी जानकारी, डेटा या सामग्री के संरक्षण और सुरक्षा को संदर्भित करती है, जिससे वह अनधिकृत व्यक्तियों या समूहों के लिए उपलब्ध नहीं होती।

**Conflict of Interest - हितों का टकराव**
एक स्थिति, जिसमें किसी व्यक्ति या संगठन के व्यक्तिगत हित और पेशेवर जिम्मेदारियाँ एक-दूसरे के विरुद्ध होते हैं।

**Consumer Price Index (CPI) - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक**
*(यह भी देखें / also see-* Wholesale price index (WPI)*)*
एक ऐसा मापदंड जो एक औसत उपभोक्ता द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के एक समूह की कीमतों में बदलाव को मापता है। यह मुद्रास्फीति या मूल्य स्तर में बदलाव का प्रमुख संकेतक है।

**Contravention - उल्लंघन**
*(यह भी देखें / also see* –Violation*)*
अर्थात किसी नियम, कानून, आदेश, या शर्त का अनुपालन न करना या उसका उल्लंघन करना। जब कोई व्यक्ति या संस्था किसी निर्धारित नियम या कानून का पालन करने में विफल हो या उसके विपरीत कार्य करे, तो इसे उल्लंघन कहा जाता है।

**Contribution Amount - अंशदान राशि**
*(यह भी देखें / also see* – Co-contribution, Persistency, Systematic investment plan (SIP), Zero balance account*)*
राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के संदर्भ में अंशदान राशि वह राशि होती है, जिसे एक व्यक्ति अपने पेंशन खाते में नियमित रूप से जमा करता है। यह अंशदान व्यक्ति द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति के लिए भविष्य में पेंशन प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है।
अटल पेंशन योजना के सन्दर्भ में अंशदान राशि का मतलब है वह नियमित भुगतान जो उस योजना के अभिदाताओं द्वारा किया जाता है, ताकि 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें सुनिश्चित पेंशन प्राप्त हो सके।

**Co-operative Banks - सहकारी बैंक**
*(यह भी देखें / also see* – Category of Banks, Public Sector Banks, Private Sector Banks, Payments Bank, Regional Rural Banks (RRBs), Small Finance Banks*)*
सहकारी बैंक वे वित्तीय संस्थान होते हैं जो सहकारी समाज अधिनियम के तहत पंजीकृत होते हैं और जिन्हें बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समाजों के लिए लागू संशोधनों सहित) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ये बैंक सहकारी आधार पर काम करते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य पारस्परिक सहायता और समुदाय के विकास पर केंद्रित होता है, न कि केवल लाभ अधिकतम करने पर।

**Corporate Bonds - कॉरपोरेट बॉन्ड**
*(यह भी देखें / also see* – Asset Class, Asset Allocation, Bond, G-sec, Held to Maturity, Mark to Market (MTM), Securities)

ऐसे ऋण उपकरण, जिन्हें कंपनियां अपने संचालन, परियोजनाओं या विस्तार के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से जारी करती हैं। जब कोई निवेशक कॉरपोरेट बॉन्ड खरीदता है, तो वह कंपनी को एक निश्चित समय के लिए पैसा उधार देता है और इसके बदले में नियमित ब्याज (कूपन) और परिपक्वता (Maturity) पर मूलधन प्राप्त करता है।

**Corporate Governance - निगमित अभिशासन**
यह एक प्रणाली है, जिसके तहत कंपनियों का प्रबंधन और नियंत्रण किया जाता है। इसका उद्देश्य कंपनी के हितधारकों (stakeholders), जैसे शेयरधारक, कर्मचारी, ग्राहक और समाज के अन्य वर्गों के हितों की रक्षा करना है।

**Credit rating- क्रेडिट रेटिंग**
क्रेडिट रेटिंग द्वारा किसी व्यक्ति, कंपनी या सरकार की अपनी वित्तीय देनदारियों को समय पर चुकाने की क्षमता का आकलन किया जाता है। यह रेटिंग क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा जारी की जाती है और निवेशकों को यह तय करने में मदद करती है कि किसी उधारकर्ता को पैसा उधार देना कितना जोखिम भरा हो सकता है।

**Custodial Services - अभिरक्षक सेवाएँ**
ये सेवाएँ वित्तीय संस्थानों, निवेश कंपनियों और अन्य संगठनों द्वारा प्रदान की जाती हैं, जो संपत्तियों / आस्तियों के सुरक्षित रखरखाव और प्रबंधन से संबंधित होती हैं।

# D

**Data center - डेटा सेंटर**

*(यह भी देखें / also see-* Disaster Recovery Center*)*

डेटा सेंटर एक केंद्रीयकृत स्थान है, जहां कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग उपकरण संग्रहित और संचालित किए जाते हैं। इसका उपयोग बड़ी मात्रा में डेटा को संग्रहित करने और प्रबंधित करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर यह उन संगठनों और व्यवसायों के लिए उपयोगी होता है, जहाँ उनके डिजिटल संसाधनों तक सुरक्षित और विश्वसनीय पहुंच की आवश्यकता होती है।

**Dearness Allowance (DA) - महंगाई भत्ता**

*(यह भी देखें / also see-* Dearness Relief*)*

वह भत्ता है, जो महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए कर्मचारियों को दिया जाता है। इसका मतलब है कि, जब महंगाई बढ़ती है, तो कर्मचारियों की सैलरी में भी बढ़ोतरी होती है, ताकि वे बढ़ती हुई कीमतों का सामना कर सकें।

**Dearness Relief - मंहगाई राहत**

*(यह भी देखें / also see-* Dearness Allowance*)*

यह वित्तीय सहायता है, जो सरकार पेंशनभोगियों को बढ़ती महंगाई के प्रभाव को संतुलित करने के लिए देती है। यह महंगाई भत्ते के समान है, लेकिन यह विशेष रूप से पेंशनधारक सरकारी कर्मचारियों पर लागू होता है।

**Default Annuity Service Provider and Default Annuity Scheme - डिफ़ॉल्ट वार्षिकी सेवा प्रदाता / डिफ़ॉल्ट वार्षिकी योजना**

*(यह भी देखें / also see –* Annuity, Annuitisation, Annuity contract, Annuity for Lfe, Purchase Price, Return of Purchase Price*)*

वह वार्षिकी सेवा प्रदाता, जिसे किसी पेंशन योजना में शामिल होने वाले व्यक्ति का चयन न करने पर, या यदि व्यक्ति ने अपना चयन नहीं किया है, तो स्वचालित रूप से नामित किया जाता है। यह आमतौर पर पेंशन योजनाओं में होता है, जैसे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS), जहां सदस्य को पेंशन के लिए एक एन्युटी खरीदने की आवश्यकता होती है।

**Deferment - आस्थगित करना या टालना**

*(यह भी देखें / also see-* Annuity, Defined Contribution Pension (DCPS), NPS, Systematic Lump Sum Withdrawal (SLW), Voluntary *)*

वह प्रक्रिया है, जिसमें किसी कार्य, भुगतान या निर्णय को किसी विशेष समय तक के लिए टाल दिया जाता है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में टालने का मतलब है कि सदस्य अपनी पेंशन से जुड़े लाभों को एक निश्चित समय के लिए टाल सकते हैं। यह सुविधा उन लोगों को दी जाती है जो सेवानिवृत्ति के बाद अपनी राशि को तुरंत निकालने या निवेश करने की बजाय सही समय पर इसका उपयोग करना चाहते हैं। यह विकल्प वित्तीय योजना और सेवाओं को और अधिक लचीला बनाता है।

**Defined Benefit Pension (DBPS) – परिभाषित (निर्धारित) लाभ पेंशन योजना**

*(यह भी देखें / also see-* Defined Contribution Pension (DCPS), NPS*)*

यह एक प्रकार की सेवानिवृत्ति योजना है, जिसमें कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में मिलती है, जो उसकी सेवा की अवधि और अंतिम वेतन के आधार पर तय की जाती है।

**Defined Contribution Pension (DCPS) – परिभाषित (निर्धारित) अंशदान पेंशन योजना**

*(यह भी देखें / also see-* Active Member, Defined Benefit Pension (DBPS), NPS, Systematic investment plan (SIP)*)*

यह एक प्रकार की पेंशन योजना है, जिसमें कर्मचारी और/या नियोक्ता नियमित रूप से पेंशन खाते में एक निर्धारित राशि का अंशदान करते हैं। इस योजना में पेंशन की राशि का निर्धारण उस खाते में किए गए कुल अंशदान और उस पर प्राप्त होने वाले रिटर्न पर निर्भर करता है।

**Dependent parents - आश्रित माता-पिता**

*(यह भी देखें / also see –*Beneficiary, Legal Heir, Nominee*)*

आश्रित माता-पिता वे माता-पिता हैं, जो आर्थिक रूप से अपने बच्चों पर निर्भर होते हैं। अर्थात, उन्हें अपने दैनिक जीवन में आवश्यक खर्चों को पूरा करने के लिए अपने बच्चों से आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है।

**Designated Member - पदाभिहित सदस्य / पदनामित सदस्य**

*(यह भी देखें / also see* – Authorized Representative, Authorised Signatory, Authority*)*

वह व्यक्ति जिसे किसी विशेष पद, जिम्मेदारी या भूमिका के लिए सदस्य के तौर पर औपचारिक रूप से चुना या नियुक्त किया जाता है।

**Designated Officer - पदाभिहित अधिकारी / पदनामित अधिकारी**

*(यह भी देखें / also see* – Authorized Representative, Authorised Signatory, Authority*)*

वह व्यक्ति जिसे किसी विशेष जिम्मेदारी, कार्य या पद के लिए अधिकारी के तौर पर औपचारिक रूप से नियुक्त किया जाता है।

**Director's Responsibility Statement - निदेशक की ज़िम्मेदारी का वक्तव्य**

*(यह भी देखें / also see* –Disclosure of Information*)*

यह एक औपचारिक घोषणा होती है, जो कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल की जाती है। इसमें निदेशक अपने वित्तीय रिपोर्टिंग, संचालन, और कंपनी के संचालन से संबंधित कर्तव्यों और ज़िम्मेदारियों की पुष्टि करते हैं। यह वक्तव्य आमतौर पर कई क्षेत्रों में कॉर्पोरेट प्रशासन कानूनों के तहत आवश्यक होता है, जैसे कि भारत में कंपनी अधिनियम के तहत यह आवश्यक है।

**Disability - विकलांगता / दिव्यांगता**

*(यह भी देखें / also see-* Invalidation2, Physical Incapacitation*)*

शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक क्षमता में कोई कमी या असमर्थता, जो किसी व्यक्ति की सामान्य गतिविधियों को प्रभावित करती है। यह किसी दुर्घटना, बीमारी, जन्मजात विकृति या अन्य कारणों से हो सकती है।

**Disaster Recovery Center - आपदा पुनर्प्राप्ति केंद्र**

*(यह भी देखें / also see-* Data center*)*

यह एक विशेष स्थान या सुविधा है, जिसे आपदा या संकट के बाद, जैसे कि प्राकृतिक आपदाएँ (भूकंप, बाढ़, तूफान) या तकनीकी आपदाएँ (सर्वर क्रैश, डेटा हानि) के दौरान, संगठन और व्यक्तियों के लिए सेवाएँ और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी (IT) के संदर्भ में, यह एक ऐसी सुविधा है जो तकनीकी आपदाओं (जैसे सर्वर क्रैश, डेटा हानि, नेटवर्क विफलता या साइबर हमले) के बाद आईटी सिस्टम और डेटा की पुनर्प्राप्ति और संचालन को फिर से बहाल करने के लिए बनाई जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महत्त्वपूर्ण सूचना और सेवाएँ न्यूनतम डाउनटाइम के साथ जल्दी से पुनः चालू हो जाएं।

**Disclosure of Information - जानकारी का प्रकटीकरण**

*(यह भी देखें / also see* –Director's Responsibility *)*

किसी व्यक्ति, संगठन या संस्था द्वारा किसी विशेष जानकारी को सार्वजनिक रूप से साझा करना या प्रकट करना।

**D-Remit - डी रेमिट**

*(यह भी देखें / also see* – Co-contribution, Contribution Amount, NPS*)*

राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के संदर्भ में, यह एक सुविधा है जो अभिदाताओं को उनके NPS खातों में, बिना किसी मध्यस्थ (जैसे नियोक्ता या बैंक) के माध्यम से, सीधे अंशदान करने की अनुमति देती है। यह व्यक्तियों को, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो कॉर्पोरेट या सरकारी योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं, विभिन्न तरीकों से जैसे ऑनलाइन लेनदेन, भौतिक जमा या मोबाइल भुगतान के द्वारा अपने NPS खातों में स्वैच्छिक अंशदान करने की सुविधा प्रदान करती है।

**Due Diligence - सावधानीपूर्वक जांच-पड़ताल / समुचित सावधानी**

*(यह भी देखें / also see-* Central KYC Records Registry (CKYCR), C-KYC Identifier, eKYC, KYC, KYS*)*

इसका वित्तीय और पैसे के संदर्भ में अर्थ है कि किसी भी वित्तीय लेन-देन, निवेश या व्यापारिक निर्णय से पहले, उसके सभी वित्तीय पहलुओं की पूरी तरह से जांच-पड़ताल करना। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि किसी भी वित्तीय निर्णय में शामिल जोखिम, लाभ और संभावनाओं का सही मूल्यांकन किया जाए। इसमें किसी कंपनी, निवेश या व्यक्ति की वित्तीय स्थिति, लेन-देन के क़ानूनी पहलू और संभावित जोखिमों का गहन विश्लेषण किया जाता है।

**Early Warning Group (EWG) - अर्ली वॉर्निंग ग्रुप / आरंभिक चेतावनी समूह**

*(यह भी देखें / also see* – Financial Stability Board (FSB), Financial Stability and Development Council (FSDC), Financial Sector Legislative Reforms Commission (FSLRC), Financial Stability Report (FSR)*)*

वित्तीय विनियामक एवं पर्यवेक्षण के सन्दर्भ में, 'अर्ली वॉर्निंग ग्रुप' (EWG) एक महत्त्वपूर्ण संरचना है। यह वित्तीय विनियामकों के लिए एक सक्रिय तंत्र है, जो संभावित संकटों और जोखिमों का पूर्वानुमान लगाकर उन्हें टालने में मदद करता है। यह न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में भी योगदान देता है। भारत में, यह अवधारणा वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) और अन्य विनियामक संस्थानों के ढांचे में सम्मिलित की गयी है। विशेष रूप से, वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Financial Stability Report) जैसे साधनों में EWG के निष्कर्ष शामिल किए जाते हैं।

**Economic Analysis - आर्थिक विश्लेषण**

अर्थात वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा आर्थिक डेटा, प्रवृत्तियों और नीतियों का अध्ययन किया जाता है, ताकि आर्थिक व्यवहार, प्रदर्शन और निर्णयों को समझा जा सके।

**Efficient Discharge of Functions - कार्य का कुशलता से निष्पादन**

*(यह भी देखें / also see* –Action Taken in Good Faith*)*

इसका तात्पर्य है कि किसी व्यक्ति, संगठन या सरकारी निकाय द्वारा अपनी जिम्मेदारियों और कार्यों को प्रभावी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

**eKYC - इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी**

*(यह भी देखें / also see*- C-KYC Identifier, KYC, KYS*)*

यह एक प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति की पहचान और पते का सत्यापन (KYC), बिना भौतिक दस्तावेजों के, डिजिटल माध्यमों के द्वारा किया जाता है। इसमें ग्राहक की पहचान को ऑनलाइन तरीके से प्रमाणित किया जाता है, जो पारंपरिक कागजी प्रक्रियाओं से कहीं अधिक तेज़ और सुविधाजनक होती है।

**Eligibility Criteria - योग्यता मानदंड / अर्हता मानक**

यह उन आवश्यकताओं या शर्तों को संदर्भित करता है, जो किसी व्यक्ति या संगठन को किसी विशेष कार्यक्रम, नौकरी, परीक्षा या अन्य अवसर के लिए आवेदन करने के लिए पूरी करनी होती हैं।

**Empanelment – चयन करना या पैनल में शामिल करना / सूचीबद्ध करना**

यह एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति, संस्था या कंपनी को किसी विशेष कार्य, सेवा, या परियोजना के लिए आधिकारिक रूप से चयनित या अधिकृत किया जाता है। चयनित व्यक्तियों या संस्थाओं को एक पैनल में रखा जाता है, जिन्हें भविष्य में उस कार्य या सेवा के लिए नियुक्त किया जा सकता है।

**Enrollment - नामांकन / पंजीकरण**

*(यह भी देखें / also see* – Subscriber*)*

नामांकन का मतलब है किसी कार्यक्रम, योजना, कोर्स या सूची में शामिल होना या पंजीकरण करना। यह शब्द अक्सर शिक्षा, सरकारी योजनाओं या अन्य आयोजनों के संदर्भ में उपयोग किया जाता है, जहां किसी व्यक्ति का नाम आधिकारिक रूप से दर्ज किया जाता है। अटल पेंशन योजना (APY) और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के सन्दर्भ में नामांकन का मतलब है, किसी व्यक्ति द्वारा इस योजना में पंजीकरण करने की प्रक्रिया, ताकि वह अपनी सेवानिवृत्ति के दौरान पेंशन प्राप्त करने के लिए अंशदान शुरू कर सके।

**Error Rectification Module (ERM) - त्रुटि सुधार मॉड्यूल**

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में त्रुटि सुधार मॉड्यूल एक उपकरण है, जो NPS में अंशदान प्रक्रिया के दौरान हो सकने वाली त्रुटियों को सुधारने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन त्रुटियों में गलत PRAN, गलत राशि या गलत निवेश विकल्प शामिल हो सकते हैं।

**Evaluation - मूल्यांकन / आकलन**

*(यह भी देखें / also see-* Held to Maturity, Mark to Market (MTM), Qualified Valuer*)*

वित्तीय सन्दर्भ में, मूल्यांकन का अर्थ किसी वित्तीय संपत्ति, निवेश या व्यवसाय के मूल्य, प्रदर्शन या क्षमता का आकलन करने की प्रक्रिया है। इसमें सूचित निर्णय लेने के लिए विभिन्न वित्तीय मीट्रिक्स, डेटा और कारकों का विश्लेषण करना शामिल है।

**Exemption - छूट**

अर्थात किसी नियम, कानून, कर या शर्त से किसी व्यक्ति, संस्था या वस्तु को मुक्त करना। जब किसी को छूट दी जाती है, तो वह किसी विशेष कानूनी या वित्तीय जिम्मेदारी से बच जाता है या उसे कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हो जाते हैं।

**Ex-officio Members - पदेन सदस्य**

*(यह भी देखें / also see –*Authority, Authorised Signatory, Authorized Representative, Authorization*)*

ये वे सदस्य होते हैं जो किसी समिति, बोर्ड या संगठन के सदस्य के रूप में अपनी पदवी या भूमिका के कारण स्वचालित रूप से शामिल हो जाते हैं, न कि किसी चुनाव या नियुक्ति के माध्यम से।

**Expected Return on Assets - संपत्तियों पर प्रत्याशित प्रतिफल**

*(यह भी देखें / also see-* Accrual Rate, Co-contribution, Contribution Amount, Defined Benefit Pension (DBPS)Defined Contribution Pension (DCPS)Pension, Retirement Savings, Risk premium*)*

यह एक वित्तीय मापदंड है, जो यह दर्शाता है कि किसी परिसंपत्ति या निवेश से भविष्य में कितनी आय की उम्मीद की जा सकती है। यह आम तौर पर संभावित रिटर्न के औसत को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है, जो विभिन्न संभावित परिणामों और उनकी संभावनाओं के आधार पर गणना की जाती है।

# F

**Facilitator - सुविधाकर्ता / सुविधाप्रदाता**

राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के संदर्भ में, फैसिलिटेटर एक ऐसा संस्थान या व्यक्ति है जो NPS खातों से संबंधित विभिन्न सेवाओं में NPS अभिदाताओं की मदद करता है। फैसिलिटेटर, NPS अभिदाताओं और NPS प्रणाली के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं, जिससे खाते खोलने, अंशदान करने और NPS का प्रबंधन करने की प्रक्रिया अभिदाताओं के लिए आसान और सरल हो जाती है।

**Fair Value of Regulated Assets - नियंत्रित परिसंपत्तियों (आस्तियों) का निष्पक्ष मूल्य**

*(यह भी देखें / also see* –Evaluation, Qualified Valuer*)*

इसका तात्पर्य उन संपत्तियों के सही या उचित बाजार मूल्य से है, जो किसी विनियामक संस्था द्वारा नियंत्रित होती हैं।

**Family Pension - कुटुंब पेंशन**

*(यह भी देखें / also see-* Defined Benefit Pension (DBPS), Pension*)*

कुटुंब पेंशन एक वित्तीय लाभ है, जो किसी मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्यों को प्रदान किया जाता है, जो पुरानी पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आता हो। इसका उद्देश्य प्राथमिक आय अर्जित करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करना है।

**File Preparation Utility (FPU) - फाइल प्रिपरेशन उपयोज्यता**

*(यह भी देखें / also see* – Contribution Amount, File Validation Utility (FVU), Funds receipt confirmation (FRC), Subscriber Contribution File (SCF)*)*

यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में सीआरए द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक उपकरण है, जो नोडल कार्यालयों (जैसे पीएओ, डीडीओ, डीटीओ) को अभिदाता अंशदान फ़ाइल (एससीएफ) तैयार करने में सहायता करता है।

**File Validation Utility (FVU) - फ़ाइल वैलिडेशन उपयोज्यता**

*(यह भी देखें / also see-* Contribution Amount, File Preparation Utility (FPU), Funds receipt confirmation (FRC), Subscriber Contribution File (SCF)*)*

यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में सीआरए द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है, जो अभिदाता अंशदान फ़ाइलों (एससीएफ) की सटीकता और सत्यनिष्ठा को सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जाता है, इससे पहले कि उन्हें एनपीएस सिस्टम में अपलोड किया जाए।

**Financial Assumptions - वित्तीय अनुमान**

*(यह भी देखें / also see-* Accrual Rate, Co-contribution, Contribution Amount, Defined Benefit Pension (DBPS)Defined Contribution Pension (DCPS)Pension, Retirement Savings*)*

वे अनुमान जो किसी वित्तीय योजना, निवेश या व्यवसाय के भविष्य के प्रदर्शन के पूर्वानुमान में उपयोग किए जाते हैं। ये अनुमान संभावित परिणामों का मूल्यांकन करने में मदद करते हैं और योजना या निवेश के विकास की दिशा को समझने में सहायक होते हैं। वित्तीय अनुमान कई प्रकार के होते हैं, जैसे कि राजस्व, खर्च, कर, ब्याज दर, मुद्रास्फीति दर और अन्य आर्थिक कारक।

**Financial Conglomerate - वित्तीय समूह या वित्तीय संगठनों का समूह**

यह एक ऐसा संगठन होता है, जो वित्तीय सेवाओं के कई क्षेत्रों में कार्यरत होता है। इसमें बैंकिंग, बीमा, म्यूचुअल फंड, पेंशन प्रबंधन, स्टॉक ब्रोकिंग और अन्य वित्तीय सेवाएं शामिल हो सकती हैं। वित्तीय समूह, वित्तीय सेवाओं के विविधीकरण और विस्तार का प्रतीक है। यह ग्राहकों और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद है, लेकिन इसमें प्रभावी निगरानी और विनियमन की आवश्यकता पड़ती है।

**Financial inclusion - वित्तीय समावेशन**

*(यह भी देखें / also see-* APY-SP, Business Correspondent (BC), Pension *)*

अर्थात, कमजोर वर्गों और निम्न आय वाले कमजोर समूहों द्वारा किफायती लागत पर, समय पर और पर्याप्त ऋण की आवश्यकता के अनुसार वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रक्रिया।

**Financial Proposal - वित्तीय प्रस्ताव**

*(यह भी देखें / also see-* Commercial Bid, Pre-bid, Technical Proposal*)*

यह वह दस्तावेज़ या योजना होती है जिसे किसी परियोजना, निविदा या प्रस्तावित कार्य के लिए वित्तीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रस्ताव में मुख्य रूप से उस परियोजना या कार्य के लिए आवश्यक बजट, लागत, वित्तीय शर्तें, भुगतान की पद्धतियों और समयसीमा का विवरण प्रदान किया जाता है।

**Financial Sector Legislative Reforms Commission (FSLRC) - वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग**

*(यह भी देखें / also see –* Early Warning Group , Financial Stability Board (FSB)Financial Stability and Development Council (FSDC)Financial Sector RegulatorFinancial Stability Report (FSR)*)*

वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग (FSLRC) का गठन भारत की वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करने वाले कानूनों की समीक्षा करने और उन्हें फिर से तैयार करने हेतु किया गया था। इस आयोग का गठन मार्च 2011 में वित्त मंत्रालय ने किया था. आयोग ने 22 मार्च, 2013 को अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में मौजूदा विनियामक संरचना का विश्लेषण और मौजूदा वित्तीय कानूनों को बदलने के लिए भारतीय वित्तीय संहिता का मसौदा शामिल था।

**Financial Sector Regulator - वित्तीय क्षेत्र का विनियामक**

*(यह भी देखें / also see –* Early Warning Group , Financial Stability Board (FSB), Financial Stability and Development Council (FSDC), Financial Sector Regulator, Financial Stability Report (FSR)*)*

वह सरकारी संस्था या संगठन जो किसी देश के वित्तीय प्रणाली और संस्थानों को नियंत्रित और विनियमित करता है, ताकि उनकी गतिविधियों का संचालन सही दिशा में और नियमों के अनुसार किया जा सके।

**Financial Stability and Development Council (FSDC) - वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद**

*(यह भी देखें / also see –* Early Warning Group , Financial Stability Board (FSB), Financial Sector Regulator, Financial Stability Report (FSR)*)*

यह भारत सरकार द्वारा स्थापित एक शीर्ष-स्तरीय निकाय है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता बनाए रखना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना और विभिन्न वित्तीय विनियामकों के बीच समन्वय स्थापित करना है। इसका नेतृत्व केंद्रीय वित्त-मंत्री करते हैं।

**Financial Stability Board (FSB) - वित्तीय स्थिरता बोर्ड**

*(यह भी देखें / also see –* Early Warning Group , Financial Stability Board (FSB), Financial Stability and Development Council (FSDC), Financial Stability Report (FSR)*)*

वित्तीय स्थिरता बोर्ड एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो वैश्विक वित्तीय प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए काम करता है। यह वित्तीय संस्थानों, बाजारों और राष्ट्रीय विनियामकों के बीच समन्वय स्थापित करता है, ताकि वैश्विक वित्तीय संकटों को टाला जा सके और मजबूत आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके। इसकी स्थापना अप्रैल 2009 में जी-20 (G-20) देशों द्वारा की गई थी। यह फाइनेंशियल स्टेबिलिटी फोरम (Financial Stability Forum) का विस्तार है और इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के बासेल (Basel) में स्थित है।

**Financial Stability Report (FSR) - वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट**

*(यह भी देखें / also see –* Early Warning Group , Financial Stability Board (FSB), Financial Stability and Development Council (FSDC), Financial Sector Regulator*)*

अर्थात वह व्यापक रिपोर्ट, जो किसी देश की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और मजबूती का आकलन करती है। भारत में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) हर छह महीने में यह रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

**Financial Technology (FinTech) - वित्तीय प्रौद्योगिकी**

*(यह भी देखें / also see –* RegTech, SupTech*)*

प्रौद्योगिकी का वह क्षेत्र जिसमें वित्तीय सेवाओं के संचालन और प्रबंधन में नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इसका उद्देश्य वित्तीय सेवाओं को अधिक कुशल, सुलभ और प्रभावी बनाना है। संक्षिप्त रूप में इसे फिनटेक (FinTech) कहा जाता है और यह बैंकिंग, भुगतान, निवेश, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में डिजिटल समाधान और तकनीकी नवाचारों को लागू करने से संबंधित है।

**Financial year - वित्तीय वर्ष**

*(यह भी देखें / also see* – Annual Report, Year-on-Year (Y-o-Y)*)*

वित्तीय वर्ष अर्थात 12 महीने की वह अवधि जिसका उपयोग लेखा और कराधान उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यह एक विशिष्ट अवधि होती है, जिसके दौरान व्यवसाय, सरकार और व्यक्ति अपनी आय, व्यय और लाभ का लेखा-जोखा रखते हैं। भारत में, वित्तीय वर्ष आमतौर पर किसी वर्ष के 1 अप्रैल से उसके अगले वर्ष के 31 मार्च तक चलता है।

**Firewall - फ़ायरवॉल**

फ़ायरवॉल एक सुरक्षा प्रणाली है, जो परिभाषित सुरक्षा नियमों के आधार पर आने और जाने वाले नेटवर्क ट्रैफ़िक की निगरानी और नियंत्रण करती है। यह निजी नेटवर्क और सार्वजनिक इंटरनेट के बीच एक बाधा के रूप में कार्य करती है।

**Fit and Proper Person Criteria - उचित और उपयुक्त व्यक्ति मानदंड / मानक**

*(यह भी देखें / also see-* Fugitive Economic Offender, Key Managerial Personnel, Willful Defaulter*)*

एक ऐसा मानक जिसे यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, कि किसी विशेष पद या भूमिका के लिए व्यक्ति नैतिक, पेशेवर और योग्यता के आधार पर उपयुक्त है। इस मानक का उपयोग आमतौर पर वित्तीय क्षेत्र, सरकारी निकायों और अन्य संगठनों में उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए किया जाता है।

**Free-look period - फ्री-लुक पीरियड**

*(यह भी देखें / also see-* Annuity, Annuity contract*)*

फ्री-लुक पीरियड एक ऐसी अवधि होती है, जिसमें एक नया जीवन बीमा पॉलि सीधारक, अपनी पॉलिसी को समाप्त कर सकता है और अपना प्रीमियम वापस ले सकता है।

**Fugitive Economic Offender -भगोड़ा आर्थिक अपराधी**

*(यह भी देखें / also see-* Willful Defaulter*)*

यह उन व्यक्तियों को संदर्भित करता है, जो किसी गंभीर आर्थिक अपराध में लिप्त होने के बाद कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए देश छोड़कर भाग जाते हैं और वापस भारत में लौटने से इनकार कर देते हैं।

**Funds receipt confirmation (FRC) - फंड्स रिसीप्ट कन्फर्मेशन / निधि प्राप्ति पुष्टिकरण**

*(यह भी देखें / also see-* Accredited Bank, File Preparation Utility (FPU), File Validation Utility (FVU), Subscriber Contribution File (SCF), Trustee bank*)*

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से ट्रस्टी बैंक विभिन्न स्रोतों (जैसे नियोक्ता, ग्राहक या सरकारी निकायों) से धन के सफल प्राप्ति की पुष्टि करता है।

# G

**Governance - अभिशासन**

किसी संगठन, संस्था या सरकार में निर्णय लेने, नीतियाँ बनाने और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया। यह सुनिश्चित करने के लिए एक ढांचा तैयार करना कि संगठन के सभी कार्मिक और संसाधन सही दिशा में कार्य करें और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें।

**Government Sector Subscriber - सरकारी क्षेत्र के अभिदाता**

*(यह भी देखें / also see* – Inter Sector Shifting (ISS), Subscriber*)*

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में, सरकारी क्षेत्र के अभिदाता वे कर्मचारी होते हैं जो केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अध्यधीन काम करते हैं। इन कर्मचारियों को NPS के तहत पेंशन अंशदान करना अनिवार्य है। सरकारी क्षेत्र के अभिदाता NPS में शामिल होकर अपनी सेवानिवृत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और एक सुनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं।

**G-sec - सरकारी प्रतिभूति**

*(यह भी देखें / also see-* Asset Class, Asset Allocation, Bond, Corporate Bonds, Securities)

ये भारत सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए ऋण उपकरण हैं, जिन्हें सरकारी बांड या सरकारी प्रतिभूतियाँ भी कहा जाता है। G-Sec को निवेशकों से धन उधार लेने के लिए जारी किया जाता है और इसे एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है, क्योंकि यह सरकार द्वारा समर्थित होता है।

**Grievance - शिकायत**

*(यह भी देखें / also see* – Central Grievance Management System, Complainant, Complaint, Grievance Redressal Policy*)*

यह एक असंतोष या नाराज़गी की स्थिति को दर्शाता है, जब कोई व्यक्ति या समूह किसी अन्य व्यक्ति, संस्था या संगठन के खिलाफ अपने अधिकारों के हनन या गलत व्यवहार होने की बात उठाता है।

**Grievance Redressal Policy - शिकायत निवारण नीति**

*(यह भी देखें / also see* – Central Grievance Management System, Complainant, Complaint, Grievance*)*

यह एक ऐसी नीति होती है, जो किसी संगठन, संस्था या कंपनी के द्वारा अपने ग्राहकों, कर्मचारियों या अन्य हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए बनाई जाती है। इस नीति का उद्देश्य शिकायतों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से हल करना होता है।

# H

**Head of Department (HoD) - विभागाध्यक्ष**

*(यह भी देखें / also see* –Authority, Authorised Signatory, Authorized Representative, Authorization*)*

विभागाध्यक्ष किसी संगठन के एक विशिष्ट विभाग का प्रमुख होता है। वह विभाग के संचालन, लक्ष्य निर्धारण, रणनीतिक निर्णयन और विभाग के उद्देश्यों को समग्र संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

**Head of Office - कार्यालय प्रमुख**

*(यह भी देखें / also see* –Authority, Authorised Signatory, Authorized Representative, Authorization*)*

कार्यालय प्रमुख किसी संगठन के कार्यालय का प्रमुख होता है। वह कार्यालय के संचालन, कर्मचारियों के प्रबंधन, दस्तावेज़ प्रबंधन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए जिम्मेदार होता है।

**Held to Maturity - परिपक्वता तक धारित**

*(यह भी देखें / also see*- Evaluation, Mark to Market (MTM), Qualified Valuer, Valuation of Scheme Assets*)*

परिपक्वता तक धारित एक ऐसी श्रेणी है, जिसमें ऐसी ऋण प्रतिभूतियों को वर्गीकृत किया जाता है, जिन्हें निवेशक परिपक्वता तिथि तक धारित करने की मंशा रखता हो। इसका मतलब है कि, निवेशक प्रतिभूति को अंतिम भुगतान की अवधि तक धारित करने की योजना बनाता है, न कि उससे पहले इसे बेचने की।

**Housing Finance Institution - आवास वित्त संस्थान**

*(यह भी देखें / also see* –Non-Banking Financial Companies (NBFCs)*)*

यह ऐसी वित्तीय संस्थाएं होती हैं, जो लोगों को घर खरीदने, बनाने या पुनर्निर्माण के लिए ऋण (लोन) प्रदान करती हैं। ये संस्थाएं मुख्यतः आवासीय संपत्तियों की खरीदारी के लिए आर्थिक सहायता देती हैं और रियल एस्टेट सेक्टर के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# I

**Incremental Flows - वृद्धि प्रवाह**

*(यह भी देखें / also see –* Contribution Amount, Co-contribution*)*

यह एक आर्थिक और वित्तीय परिभाषा है, जिसका उपयोग विशेष रूप से वित्तीय विश्लेषण, निवेश और परियोजना प्रबंधन में किया जाता है। वृद्धि प्रवाह का तात्पर्य उन अतिरिक्त या बढ़ते नकदी प्रवाहों से होता है, जो किसी विशेष परियोजना, निवेश या गतिविधि के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं।

**Indemnification - प्रतिपूर्ति / क्षतिपूर्ति**

*(यह भी देखें / also see-* Indemnity Policy/ *)*

यह एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को किसी नुकसान, हानि या कानूनी दावे से बचाने के लिए उसके बदले में मुआवजा दिया जाता है। यह आमतौर पर अनुबंधों में शामिल होता है, जहाँ एक पक्ष (प्रतिपूर्ति देने वाले) द्वारा दूसरे पक्ष (प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले) को किसी विशिष्ट स्थिति या घटना के कारण होने वाली हानियों या लागतों के बदले में सुरक्षा और मुआवजा प्रदान किया जाता है।

**Indemnity Policy/ Bond - क्षतिपूर्ति नीति / बंधपत्र**

*(यह भी देखें / also see-* Indemnification*)*

यह एक कानूनी दस्तावेज़ है, जिसमें एक पक्ष दूसरे पक्ष को किसी नुकसान या हानि के लिए क्षतिपूर्ति प्रदान करने का वचन देता है। यह विभिन्न प्रकार के लेनदेन और अनुबंधों में उपयोग किया जाता है।

- क्षतिपूर्ति नीति (Indemnity Policy)

अर्थात बीमा पॉलिसी का एक प्रकार, जो किसी तीसरे पक्ष को होने वाले नुकसान के लिए बीमा कवर प्रदान करता है। यह आमतौर पर व्यवसायों द्वारा उपयोग किया जाता है ताकि वे अपने कर्मचारियों, ग्राहकों या अन्य तृतीय पक्षों को होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार न हों।

- क्षतिपूर्ति बंधन (Indemnity Bond)

एक वित्तीय उपकरण, जिसमें एक पक्ष (गारंटर) द्वारा दूसरे पक्ष (प्रिंसिपल) की ओर से किसी तीसरे पक्ष (प्रिंसिपल क्रेडिटर) को वित्तीय दायित्व पूरा करने की गारंटी दी जाती है। यदि प्रिंसिपल अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है, तो गारंटर द्वारा क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाता है।

**Inspection and Audit - निरीक्षण और ऑडिट (लेखापरीक्षा)**

*(यह भी देखें / also see-* Internal Audit System, Indemnification*)*

ये दोनों प्रक्रियाएँ किसी संगठन, प्रक्रिया या प्रणाली की समीक्षा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, ताकि उनकी स्थिति, कार्यप्रणाली और अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके।

**Insurance Companies - बीमा कंपनियां**

ये ऐसी वित्तीय संस्थाएं होती हैं, जो व्यक्तियों, परिवारों या व्यवसायों को विभिन्न प्रकार के जोखिमों (जैसे स्वास्थ्य, जीवन, संपत्ति, दुर्घटना) से सुरक्षा के लिए बीमा पॉलिसी प्रदान करती हैं। बीमा कंपनियों द्वारा उक्त जोखिमों के विरुद्ध वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जाती है।

**Intellectual Property Rights (IPR) - बौद्धिक संपदा अधिकार**

*(यह भी देखें / also see-*Confidentiality*)*

ये अधिकार किसी व्यक्ति या संगठन को अपनी बौद्धिक रचनाओं, जैसे आविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, डिज़ाइन, प्रतीक, नाम, और चित्रों इत्यादि के उपयोग और वितरण पर नियंत्रण प्रदान करते हैं।

**Inter-Regulatory Forum for Monitoring Financial Conglomerates (IRF-FC) - वित्तीय समूहों की निगरानी के लिए अंतर-विनियामक मंच**

*(यह भी देखें / also see-* Financial Conglomerate, Financial Sector Regulator, Financial Stability and Development Council (FSDC)*)*

IRF-FC, वित्तीय समूहों की निगरानी के लिए भारत में की गयी एक महत्त्वपूर्ण पहल है। यह मंच विभिन्न विनियामकों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करता है, जिससे वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलता है और बड़े वित्तीय समूहों के विफल होने के दौरान वित्तीय प्रणाली पर आने वाले नकारात्मक असर को रोका जा सकता है। वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) की उप-समिति द्वारा मार्च 2012 में मिले

अनुमोदन के अनुसार, IRF-FC का गठन अगस्त 2012 में किया गया था। यह मंच "Lead Regulator" के सिद्धांत पर काम करता है, जिसमें एक मुख्य विनियामक (Lead Regulator) की सर्वोपरि भूमिका होती है, जो इसकी समग्र निगरानी सुनिश्चित करता है। IRF-FC का नेतृत्व RBI के उप-गवर्नर (जो बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग के प्रभारी होते हैं) द्वारा किया जाता है। इसके अन्य सदस्य विभिन्न क्षेत्रीय विनियामकों के वरिष्ठ प्रतिनिधि होते हैं, जिनमें RBI, SEBI, IRDAI और PFRDA के कार्यकारी निदेशक स्तर के अधिकारी होते हैं।

**Inter-Regulatory Matters - अंतर-विनियामक मुद्दे**

*(यह भी देखें / also see-*Financial Sector Regulator*)*

भारत में वित्तीय क्षेत्र में कई विनियामक संस्थान काम करते हैं । इनके कार्यक्षेत्र में कभी-कभी ओवरलैप या टकराव हो जाता है, जिससे अंतर-विनियामक मुद्दे उत्पन्न होते हैं। अंतर-विनियामक मुद्दों को विभिन्न वित्तीय विनियामक संस्थाओं के बीच समन्वय, सहयोग और विवादों के समाधान द्वारा निपटाया जाता है।

**Inter Sector Shifting (ISS) - अंतर-क्षेत्रक स्थानांतरण**

*(यह भी देखें / also see –* Government Sector , Subscriber*)*

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में अंतर-क्षेत्र स्थानांतरण (ISS) का अर्थ है, एक NPS खाते को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया। यह अभिदाता को विभिन्न क्षेत्रों के बीच जाने के दौरान अपने मौजूदा स्थायी सेवानिवृत्ति खाता नंबर (PRAN) स्थिर बनाए रखने की अनुमति देता है।

**Interests of Subscribers – ग्राहकों/ अभिदाताओं के हित**

*(यह भी देखें / also see –* Beneficial Interest, Beneficiary*)*

यह एक वित्तीय और कानूनी शब्द है, जिसका उपयोग उन अधिकारों और लाभों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है, जो किसी सदस्य / ग्राहक या अभिदाता को किसी योजना, फंड या सेवा में शामिल होने पर प्राप्त होते हैं।

**Interim Relief - अंतरिम राहत**

*(यह भी देखें / also see –* Defined Benefit Pension (DBPS), Family *)*

एक अस्थायी आदेश या निर्णय, जो किसी अदालत या ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) द्वारा मुख्य मामले पर अंतिम निर्णय लेने तक किसी पक्ष को यथास्थिति बनाए रखने या तत्काल राहत प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है। यह अक्सर उन मामलों में दिया जाता है, जहां अपूरणीय क्षति या अन्याय को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता होती है।

**Intermediary - मध्यस्थ / मध्यवर्ती**

*(यह भी देखें / also see –* APY-SP, Business Correspondent (BC)*)*

यह एक ऐसा व्यक्ति, संस्था या समूह होता है जो दो पक्षों के बीच संवाद, लेन-देन या समझौते को सुगम बनाने का काम करता है। ये वे संस्थाएं या एजेंसियां हैं, जो कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने में मदद करती हैं। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में मध्यस्थ विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे- ग्राहकों / अभिदाताओं का पंजीकरण (registration), अंशदान का प्रबंधन, फंड का निवेश, शिकायतों का निवारण और सेवाओं से संबंधित अन्य सहायता।।

**Internal Audit System - आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली**

*(यह भी देखें / also see-* Inspection and Audit*)*

यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी संगठन के आंतरिक कामकाज, नीतियों, वित्तीय लेन-देन और संचालन की जांच की जाती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि, संगठन के सभी कार्य कुशलतापूर्वक और नियमों के अनुसार किये जा रहे हैं।

**Internal Control Mechanisms - आंतरिक नियंत्रण तंत्र**

*(यह भी देखें / also see-* Monitoring and Evaluation (M&E)*)*

यह उन प्रक्रियाओं, नीतियों और उपायों का समूह होता है, जिन्हें किसी संगठन में लागू किया जाता है, ताकि उसके उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके, वित्तीय रिपोर्टिंग की सटीकता सुनिश्चित की जा सके और धोखाधड़ी, अनियमितताओं तथा उससे सम्बन्धित संकटों और जोखिमों को रोका जा सके।

**Internal Review Committee - आंतरिक समीक्षा समिति**
यह समिति किसी संगठन या संस्थान के भीतर विभिन्न कार्यों, प्रक्रियाओं और नीतियों की समीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए बनाई जाती है।

**International Organisation of Pension Supervisors (IOPS) - इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेंशन सुपरवाइजर्स**
*(यह भी देखें / also see-* Organisation of Economic Co-operation and Development, WPPP*)*
यह एक वैश्विक संगठन है, जो पेंशन विनियामकों और पर्यवेक्षकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों में पेंशन प्रणालियों की निगरानी, निरीक्षण, पर्यवेक्षण और विनियमन से जुड़े सर्वोत्तम प्रथाओं और नीतियों का आदान-प्रदान करना है, ताकि वैश्विक स्तर पर पेंशन स्कीमों की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। IOPS के सदस्य देशों में पेंशन निगरानी से जुड़ी प्रमुख सरकारी और विनियामक संस्थाएं शामिल होती हैं। इनमें पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, वित्त मंत्रालय और सामाजिक सुरक्षा एजेंसियाँ आदि भी शामिल हैं।

**Intimation of Order - आदेश की सूचना**
यह एक दस्तावेज़ या प्रक्रिया है जिसमें किसी संगठन, व्यक्ति या संस्था द्वारा एक आदेश (Order) जारी किया जाता है और संबंधित पक्ष को सूचित किया जाता है। आदेश की सूचना देने का उद्देश्य यह होता है, कि प्राप्तकर्ता को आदेश के बारे में पूरी जानकारी दी जाए, ताकि वे उस आदेश को सही तरीके से समझ सकें और उस पर कार्रवाई कर सकें।

**Invalidation[1]- अमान्यकरण**
यह शब्द उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिसके द्वारा किसी दस्तावेज़, अनुबंध या प्रक्रिया को कानूनी या प्राधिकृत रूप से अमान्य घोषित किया जाता है।

**Invalidation[2] - विकलांगता या अक्षमता**
*(यह भी देखें / also see-* Disability, Physical Incapacitation*)*
यह किसी शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक स्थिति को दर्शाता है, जो व्यक्ति की सामान्य गतिविधियों या कार्य करने की क्षमता को सीमित कर देती है। यह स्थिति अस्थायी या स्थायी हो सकती है और इसमें व्यक्ति को विशेष सहायता या लाभ का अधिकार प्राप्त हो सकता है।

**Investigating Authority - जांच करने वाला प्राधिकरण / प्राधिकारी**
*(यह भी देखें / also see –* Adjudicating officer ,Adjudication Investigation*)*
एक ऐसा संगठन, एजेंसी या अधिकारी जो किसी मामले, अपराध या घटना की जांच करता है, तथ्यों की खोज करता है और अपराध या गड़बड़ी के बारे में साक्ष्य इकट्ठा करता है।

**Investigation - जांच / अन्वेषण**
*(यह भी देखें / also see –* Adjudication)
यह किसी घटना, अपराध, स्थिति या मुद्दे की गहराई से जांच करने की प्रक्रिया है, ताकि तथ्यों का पता लगाया जा सके, साक्ष्य एकत्रित किए जा सकें और सत्य को उजागर किया जा सके।

**Investment Guidelines - निवेश दिशानिर्देश**
*(यह भी देखें / also see –*Asset Allocation, Asset Class, Assets Under Management , Investment Pattern, Pension fund*)*
ये दिशानिर्देश किसी व्यक्ति, संगठन या संस्थान को निवेश करने के लिए स्थापित नियमों, मानकों और प्रक्रियाओं की सूचना प्रदान करते हैं।

**Investment Management Agreement - निवेश प्रबंधन समझौता**
*(यह भी देखें / also see –* Investment Management Fee, Pension fund*)*
यह एक कानूनी दस्तावेज होता है, जो एक निवेशक और निवेश प्रबंधक के बीच एक अनुबंध के रूप में कार्य करता है। इस समझौते में यह स्पष्ट किया जाता है कि निवेश प्रबंधक द्वारा निवेशकों के धन का प्रबंधन किस प्रकार किया जाएगा ।

**Investment Management Fee - निवेश प्रबंधन शुल्क**
*(यह भी देखें / also see –* Investment Guidelines, Investment Management Agreement, Pension fund*)*

यह शुल्क, वह राशि होती है जो निवेशक द्वारा एक पेशेवर निवेश प्रबंधक को उनकी प्रबंधन सेवाओं के लिए चुकाई जाती है।

**Investment Pattern - निवेश पैटर्न**

*(यह भी देखें / also see* –Asset Allocation*,* Asset Class*,* Assets Under Management , Pension fund*)*

यह शब्द उन विभिन्न पद्धतियों, संरचनाओं और प्रवृत्तियों को संदर्भित करता है, जिनके माध्यम से कोई व्यक्ति या संस्था अपने धन का निवेश करता है।

**I-PIN (Internet Personal Identification Number) - आई पिन (इंटरनेट व्यक्तिगत पहचान संख्या)**

*(यह भी देखें / also see* –T-pin*)*

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के संदर्भ में यह एक अद्वितीय पहचान संख्या है, जो खातेधारकों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपने खाते तक सुरक्षित पहुंच प्रदान करती है। यह केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (CRA) द्वारा जारी की जाती है और जो पेंशन संबंधी जानकारी तक डिजिटल पहुंच को सक्षम बनाती है।

# J

**Jurisdiction - अधिकार क्षेत्र / न्यायिक क्षेत्र**

यह शब्द कानूनी संदर्भ में उपयोग किया जाता है और इसका तात्पर्य उस क्षेत्र या विषय से है, जिसके तहत एक न्यायालय, प्राधिकरण या संस्था किसी विशेष मामले पर अपना अधिकार रखते हों।

**Key Managerial Personnel - प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक**

*(यह भी देखें / also see* – Fit and Proper Person Criteria, Fugitive Economic Offender, Willful Defaulter*)*

ये वे कार्मिक होते हैं, जो किसी संगठन और कंपनी के संचालन में और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रमुख और महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**Key Stakeholder - प्रमुख हितधारक**

प्रमुख हितधारक वे व्यक्ति या समूह होते हैं, जो किसी परियोजना, व्यवसाय या नीति के सबसे महत्त्वपूर्ण भागीदार होते हैं। ये उस परियोजना, व्यवसाय या नीति के उद्देश्य, निर्णय, क्रियाकलाप परियोजना के परिणाम पर सीधे और महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालता है।

**KYC (Know Your Customer) - अपने ग्राहक को जानें**

*(यह भी देखें / also see-* C-KYC Identifier, Central KYC Records Registry (CKYCR), eKYC, KYS*)*

यह एक प्रक्रिया है जिसमें किसी संस्था, विशेष रूप से बैंक, बीमा कंपनी या वित्तीय सेवाप्रदाता द्वारा उनके ग्राहकों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि को सत्यापित किया जाता है। यह प्रक्रिया ग्राहक के वित्तीय लेन-देन को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक है।

**KYS (Know your subscriber) - अपने अभिदाता को जानिए**

*(यह भी देखें / also see-* C-KYC Identifier, Central KYC Records Registry (CKYCR), eKYC, KYC*)*

यह एक प्रक्रिया है जिसका उपयोग किसी सेवाप्रदाता द्वारा किया जाता है, जैसे टेलीकॉम ऑपरेटर, ओटीटी प्लेटफॉर्म या अन्य सब्सक्रिप्शन-आधारित सेवाएं। KYS का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उनके अभिदाताओं की पहचान सही है और वे सेवाओं का उपयोग वैध और जिम्मेदार तरीके से कर रहे हैं। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के संदर्भ में, KYS का उद्देश्य पेंशन खाता धारकों की पहचान सत्यापित करना और उनके व्यक्तिगत और वित्तीय विवरण को सुनिश्चित करना है। यह प्रक्रिया NPS के तहत अभिदाताओं की वैधता और खाता संचालन की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है।

**Lead District Manager (LDM) - अग्रणी जिला प्रबंधक**

*(यह भी देखें / also see-* State Level Bankers' Committee (SLBC)*)*

यह एक प्रमुख अधिकारी होता है, जो किसी विशेष जिले में बैंकों और वित्तीय संस्थानों के संचालन और कार्यों का प्रबंधन और पर्यवेक्षण करता है। यह व्यक्ति विभिन्न बैंकों और वित्तीय सेवाओं को एकीकृत करने का कार्य करता है और जिला स्तर पर बैंकों के विभिन्न कार्यों, जैसे ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं के प्रचार-प्रसार को संचालित करता है।

**Legacy Corpus - विरासत कोष**

*(यह भी देखें / also see –* Accumulated Pension Corpus/, Deferment*)*

यह शब्द विशेष रूप से वित्तीय और पेंशन प्रबंधन में उपयोग होता है और इसका तात्पर्य उस धन या संपत्ति से होता है जो पूर्व में स्थापित पेंशन स्कीमों या निवेशों से संबंधित हो।

**Legal Heir - कानूनी उत्तराधिकारी / विधिक वारिस**

*(यह भी देखें / also see-* Beneficiary, Nominee, Nomination*)*

कानूनी उत्तराधिकारी वह व्यक्ति होता है, जो किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके संपत्ति, अधिकार और कर्तव्यों का उत्तराधिकारी बनता है। यह उत्तराधिकार कानून के तहत निर्धारित होता है और उसके पारिवारिक संबंध, विवाह या वसीयत (Will) के आधार पर तय किया जाता है।

**Letter of Award - अधिकार पत्र / अभ्यर्पण पत्र**

इसका मतलब है खरीदार द्वारा एक साइन किया हुआ पत्र जारी करना, जिसमें कार्य को सौंपने की मंशा होती है और कुल अनुबंध मूल्य का उल्लेख किया जाता है।

**Life Expectancy- जीवन प्रत्याशा**

*(यह भी देखें / also see-* Mortality rates)

यह एक सांख्यिकीय मापदंड है, जो यह दर्शाता है कि कोई व्यक्ति या किसी जनसंख्या के औसत सदस्य, अपनी ज़िंदगी में कितने वर्ष और जीने की संभावना रखते हैं, यदि वर्तमान मृत्यु दर और जीवनशैली की परिस्थितियाँ यथावत बनी रहती हैं। इसे आमतौर पर एक देश, क्षेत्र या समुदाय के लिए औसत जीवनकाल के रूप में मापा जाता है।

**Local Government Directory (LGD) Code - स्थानीय सरकार निर्देशिका कोड**

स्थानीय सरकार निर्देशिका (LGD) कोड एक अद्वितीय पहचान कोड है, जिसका उपयोग भारत में विशिष्ट स्थानीय सरकारी निकायों का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। LGD कोड मुख्य रूप से स्थानीय शासन संस्थाओं की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है, जैसे नगरपालिकाएँ, पंचायतें और जिले, उप-जिले तथा गांव स्तर की अन्य प्रशासनिक इकाइयाँ। यह कोड स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों को संगठित और व्यवस्थित करने में मदद करता है।

**Lumpsum - एकमुश्त राशि**

*(यह भी देखें / also see –* Accumulated Pension Corpus/, Deferment, Legacy Corpus, Systematic Lump Sum Withdrawal (SLW)*)*

यह शब्द उस राशि को संदर्भित करता है जो किस्तों में भुगतान करने के बजाय, एक बार में पूरी तरह से चुकाई जाती है।

# M

**Maintenance of Records – रिकॉर्ड (अभिलेख) रखरखाव**

इसका अर्थ है महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों, सूचनाओं और डेटा को व्यवस्थित तरीके से संग्रहित, सुरक्षित और प्रबंधित करना। यह प्रक्रिया किसी भी संगठन, व्यक्ति या संस्था के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह महत्त्वपूर्ण सूचनाओं के उपयोग को सरल बनाती है और उन्हें कानूनी और वित्तीय रूप से सुरक्षित रखती है।

**Management Information System (MIS) - प्रबंधन सूचना प्रणाली**

प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) एक ऐसी व्यवस्था है, जो संगठन के भीतर सूचनाओं को इकट्ठा करती है एवं उन्हें संसाधित, संग्रहित और वितरित करती है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रबंधकों को निर्णय लेने में सहायता करना है। MIS विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र करती है और इसे उपयोगी जानकारी जैसे बिक्री रिकॉर्ड, उत्पादन डेटा, वित्तीय रिपोर्ट आदि में परिवर्तित करती है।

**Mark to Market (MTM) - मार्क टू मार्केट**

*(यह भी देखें / also see* Evaluation, Held to Maturity, Market Value of , Qualified Valuer, Valuation of Scheme Assets*)*

मार्क टू मार्केट (एमटीएम) एक लेखा पद्धति है, जिसका उपयोग किसी परिसंपत्ति या देनदारी के मूल्य को उसके वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार समायोजित करने के लिए किया जाता है। यह विधि इस बात को सुनिश्चित करती है कि वित्तीय विवरण में खरीद मूल्य के बजाय वर्तमान बाजार मूल्य को दर्शाता जाए, जिससे कंपनी के वित्तीय स्थिति की एक पारदर्शी तस्वीर प्रदान की जा सके। एमटीएम का उपयोग अक्सर वित्तीय बाजारों, विशेष रूप से डेरिवेटिव्स के व्यापार में किया जाता है । उदाहरण के लिए, स्टॉक फ्यूचर्स और ऑप्शंस के लिए, एमटीएम का उपयोग दैनिक आधार पर लाभ और हानि की गणना करने के लिए किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि व्यापारी को अपने पोर्टफोलियो के वास्तविक समय मूल्य का पता रहे, जिससे उन्हें जोखिम प्रबंधन में मदद मिलती रहे।

**Market Value of Assets (MVA) - संपत्तियों का बाजार मूल्य**

*(यह भी देखें / also see* Evaluation, Held to Maturity, Mark to Market (MTM), Qualified Valuer, Valuation of Scheme Assets*)*

संपत्तियों का बाजार मूल्य (MVA) किसी कंपनी की सभी संपत्तियों के वर्तमान बाजार मूल्य का योग होता है। इसमें कंपनी की सभी संपत्तियों, जैसे भूमि, भवन, मशीनरी, उपकरण, वाहन आदि के वर्तमान बाजार मूल्य का आकलन किया जाता है। यह मूल्य कंपनी की बैलेंस शीट में दर्शाए गए लेखा मूल्य से भिन्न हो सकता है।

**Memorandum of Appeal - अपील ज्ञापन**

अपील ज्ञापन एक औपचारिक कानूनी दस्तावेज है, जिसे किसी निचली अदालत के फैसले या आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर किया जाता है। इसमें उन आधारों का उल्लेख होता है जिन पर अपील आधारित है; साथ ही, निचली अदालत द्वारा की गई विशिष्ट त्रुटियों और अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई राहत का भी उल्लेख होता है।

**Microfinance Institutions (MFIs) – माइक्रोफाइनेंस (सूक्ष्मवित्तीय) संस्थाएं**

ऐसी वित्तीय संस्थाएं, जो निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। इनका उद्देश्य उन लोगों को आर्थिक सहायता देना होता है, जो पारंपरिक बैंकों से ऋण या अन्य वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम नहीं होते।

**Minimum Assured Return Scheme (MARS) - न्यूनतम सुनिश्चित लाभ योजना (न्यूनतम आश्वासित रिटर्न योजना)**

*(यह भी देखें / also see* Minimum Guaranteed *)*

यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के सन्दर्भ में प्रस्तावित एक ऐसी योजना है, जो निवेशकों को उनके निवेश पर न्यूनतम गारंटीशुदा रिटर्न (लाभ) प्रदान करती है। इसका उद्देश्य पेंशन प्रणाली में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए सुरक्षित और स्थिर रिटर्न सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से उन निवेशकों के लिए जो अपने रिटायरमेंट फंड को बाजार की अस्थिरता से सुरक्षित रखना चाहते हैं।

**Minimum Guaranteed Pension - न्यूनतम गारंटीशुदा पेंशन**

*(यह भी देखें / also see-* Minimum Assured Return

न्यूनतम गारंटीशुदा पेंशन अर्थात सरकार या किसी अन्य संस्था द्वारा एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने की गारंटी दी जाती है, चाहे इस दिशा में कितना भी निवेश किया गया हो। यह एक तरह का सुरक्षा जाल है, जो किसी व्यक्ति को उसके बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रखता है।

**Monitoring and Evaluation (M&E) - निगरानी और मूल्यांकन**
यह किसी परियोजना, कार्यक्रम या नीति के प्रदर्शन का मूल्यांकन और प्रबंधन करने की एक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गतिविधियां निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर रही हैं और इनसे अपेक्षित प्रभाव उत्पन्न हो रहे हैं।

**Mortality rates- मृत्यु दर**
*(यह भी देखें / also see-* Life Expectancy*)*
मृत्यु दर किसी निश्चित समयावधि में किसी विशिष्ट समूह में मृत्यु की दर को दर्शाता है। यह आमतौर पर प्रति हजार या प्रति लाख व्यक्तियों की मृत्यु संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है।

# N

**National Pension System / New Pension System / New Pension Scheme / NPS - राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)**

*(यह भी देखें / also see-* Active Member, Defined Contribution Pension (DCPS), Systematic investment plan (SIP)

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, जिसे एनपीएस भी कहा जाता है, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पेंशन योजना है। एनपीएस एक लंबी अवधि की बचत योजना है। यह आपको अपने भविष्य के लिए योजना बनाने और सुरक्षित सेवानिवृत्ति को सुनिश्चित करने में मदद करता है।

एनपीएस की मुख्य विशेषताएं :

- स्वैच्छिक योजना : यह एक स्वैच्छिक योजना है, अर्थात आप अपनी इच्छा के अनुसार इसमें शामिल हो सकते हैं।
- व्यापक कवरेज : यह योजना सभी भारतीय नागरिकों के लिए खुली है, चाहे वे सरकारी कर्मचारी हों या निजी क्षेत्र में काम करते हों।
- पेशेवर प्रबंधन : आपके निवेश का प्रबंधन पेशेवर फंड मैनेजरों द्वारा किया जाता है।
- विविध निवेश विकल्प : आपको अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की परिसंपत्तियों जैसे शेयर, बॉन्ड आदि में विभाजित करने का विकल्प मिलता है।
- कर लाभ : एनपीएस में निवेश करने पर आपको कर लाभ मिलता है।
- लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) : आप अपनी सुविधा के अनुसार अपने अंशदान की राशि और समय को तय कर सकते हैं।

**Net Asset Value (NAV) - शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य**

*(यह भी देखें / also see -* Evaluation, Held to Maturity, Mark to Market (MTM), Market Value of *)*

किसी निवेश योजना की प्रति यूनिट संपत्ति का मूल्य। यह एक वित्तीय अवधारणा है, जो विशेष रूप से म्यूचुअल फंड्स और अन्य निवेश योजनाओं में उपयोग की जाती है। इसे आमतौर पर म्यूचुअल फंड और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली जैसी योजनाओं के संदर्भ में उपयोग किया जाता है।

गणना का तरीका= (कुल परिसंपत्तियाँ - कुल देनदारियाँ) ÷ जारी किए गए यूनिट्स की संख्या

विवरण:

1. कुल परिसंपत्तियाँ : इसमें योजना द्वारा निवेश की गई सभी संपत्तियों (जैसे, शेयर, बॉन्ड, कैश आदि) का कुल बाजार मूल्य शामिल होता है।
2. कुल देनदारियाँ : यह फंड से जुड़े सभी खर्च और देनदारियों को दर्शाता है।
3. प्रति यूनिट मूल्य : NAV निवेशकों को यह जानने में मदद करता है कि प्रति यूनिट उनकी संपत्ति की वर्तमान स्थिति क्या है।

महत्व:

- निवेश मूल्यांकन : NAV के माध्यम से निवेशक यह तय कर सकते हैं कि फंड का प्रदर्शन कैसा है।
- खरीद और बिक्री : म्यूचुअल फंड में निवेश या रिडेम्प्शन NAV के आधार पर किया जाता है।

**Net Worth - शुद्ध संपत्ति**

*(यह भी देखें / also see –* Accumulation, Accumulated Pension Corpus/, Tangible Net Worth (TNW)*)*

यह एक व्यक्ति, संगठन या कंपनी की कुल संपत्ति का माप है, जो उसकी कुल देनदारियों को घटाने के बाद प्राप्त होता है।

**Nil Credit - शून्य जमा**

*(यह भी देखें / also see* Zero balance account*)*

अटल पेंशन योजना के सन्दर्भ में यह तब होता है, जब किसी खाते में नियमित रूप से अंशदान नहीं किया जाता। इस योजना में खाताधारक को एक निश्चित राशि हर महीने या तय समय के अनुसार जमा करनी होती है।

**Nomination - नामांकन / नियुक्ति**

*(यह भी देखें / also see-*Legal Heir, Nominee*)*

यह एक प्रक्रिया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति या संस्था को किसी विशेष कार्य, जिम्मेदारी या अधिकार का निष्पादन करने के लिए चुना जाता है।

**Nominee – नामित व्यक्ति / नामिती**

*(यह भी देखें / also see-* Legal Heir, Nomination*)*

वह व्यक्ति जिसे किसी वित्तीय खाते, बीमा पॉलिसी, निवेश या अन्य प्रकार की संपत्ति में लाभार्थी के रूप में नामित किया जाता है। इसका अर्थ है कि यदि खाताधारक या निवेशक का निधन हो जाता है, तो उस संपत्ति या लाभ का अधिकार नामित व्यक्ति को मिल जाता है।

**Non-Banking Financial Companies (NBFCs) - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां**

*(यह भी देखें / also see-* Microfinance Institutions*)*

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) वे वित्तीय संस्थान हैं जो बैंकों की तरह नहीं होते हैं, लेकिन वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। ये कंपनियां कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत होती हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनियमित होती हैं।

**Non-Individual Retirement Adviser - गैर-वैयक्तिक पेंशन सलाहकार**

*(यह भी देखें / also see –*Retirement Advice, Retirement Adviser*)*

यह उन सलाहकारों को संदर्भित करता है, जो व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि संस्थागत या संगठनात्मक स्तर पर पेंशन और रिटायरमेंट योजनाओं के बारे में सलाह देते हैं।

**NPS Lite / Swavalamban - एनपीएस लाइट / स्वावलंबन**

*(यह भी देखें / also see-* Aggregator*)*

एनपीएस लाइट / स्वावलंबन, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का एक सरलीकृत संस्करण है, जिसे असंगठित क्षेत्र के व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों और औपचारिक पेंशन प्रणालियों तक पहुंच न होने वाले लोगों को स्वैच्छिक पेंशन योजना प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है और सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने का एक लचीला और किफायती तरीका प्रदान करती है।

# O

**Offline Aadhaar - ऑफलाइन आधार**

*(यह भी देखें / also see* Aadhaar **- आधार** , eKYC, Unique Identification Authority of India (UIDAI) **-**

ऑफलाइन आधार एक तरीका है, जिससे आप आधार कार्ड के विवरण को बिना इंटरनेट कनेक्शन के ऑफलाइन उपयोग या सत्यापन के लिए साझा कर सकते हैं। यह आधार-धारक की गोपनीयता सुनिश्चित करता है और उनकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रूप से साझा करने में मदद करता है।

**Ombudsman - लोकपाल**

*(यह भी देखें / also see –* Stipendiary Ombudsman*)*

यह एक स्वतंत्र अधिकारी या संस्था होती है, जो किसी संगठन, विशेषकर सरकारी या सार्वजनिक सेवा के मामले में नागरिकों की शिकायतों और विवादों को सुनती है और उनके समाधान में मदद करती है।

**Online PRAN generation module - ऑनलाइन प्रान (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या) जेनरेशन मॉड्यूल**

*(यह भी देखें / also see-* Government Sector *)*

यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे CRA द्वारा प्रदान किया गया है। यह मॉड्यूल NPS में निर्बाध नामांकन की सुविधा प्रदान करता है। इसके माध्यम से ग्राहकों के PRAN को ऑनलाइन जनरेट किया जा सकता है, जिससे मैन्युअल प्रक्रियाओं और भौतिक दस्तावेजों को ऑफ़लाइन फॉरवर्ड करने की आवश्यकता काफी हद तक कम / समाप्त हो जाती है।

**Operational Goals and Objectives - संचालन संबंधी लक्ष्य और उद्देश्य**

इसका तात्पर्य उन विशिष्ट कार्यों और लक्ष्यों से है, जो किसी संगठन के दिन-प्रतिदिन के संचालन को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।

**Organisation of Economic Co-operation and Development - आर्थिक सहयोग और विकास संगठन**

*(यह भी देखें / also see-* International Organisation of Pension Supervisors (IOPS), Working Party on Private Pensions (WPPP)*)*

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो 38 देशों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य वैश्विक आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण और व्यापार को बढ़ावा देना है। इसका मुख्यालय पेरिस में स्थित है। OECD का गठन वर्ष 1961 में हुआ था और इसका प्रमुख उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और विश्व भर में समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

**Outreach - आउटरीच**

*(यह भी देखें / also see –* Awareness, Subscriber Awareness Programme*)*

आउटरीच का तात्पर्य उन प्रयासों और पहलों से है, जो वित्तीय समावेशन (financial inclusion) और जागरूकता को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचाने के लिए की जाती हैं।

# P

**Passive Fund Management - निष्क्रिय फंड प्रबंधन**

*(यह भी देखें / also see* – Active Fund Management, Pension fund, Investment Guidelines, Investment Pattern, G-sec, Bond)

एक ऐसी निवेश रणनीति है जिसमें फंड मैनेजर सक्रिय रूप से शेयरों का चयन नहीं करता है, बल्कि एक विशिष्ट बाजार सूचकांक का अनुसरण करता है। इस सूचकांक में शामिल शेयरों के अनुपात में ही फंड में भी निवेश किया जाता है।

**Pay and accounts officer - वेतन एवं लेखा अधिकारी**

*(यह भी देखें / also see-* Cheque Drawing and Disbursing Office (CDDO)*)*

इससे ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो किसी भी आधिकारिक पद पर रहते हुए केंद्रीय सरकार या संघ राज्यक्षेत्र के मंत्रालय, विभाग या कार्यालयों के खातों का रखरखाव करता हो। इसमें महालेखाकार भी सम्मिलित है, जिसे केंद्रीय सरकार या संघ राज्यक्षेत्र के खातों या उसके खाताबहियों के भाग के रखरखाव का कार्य सौंपा गया है।

**Payments Bank - भुगतान बैंक**

*(यह भी देखें / also see* – Co-operative Banks, Public Sector Banks, Private Sector Banks, Regional Rural Banks (RRBs), Small Finance Banks*)*

पेमेंट्स बैंक एक विशिष्ट प्रकार का बैंक है, जिसे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य अंडर-बैंक्ड और अन-बैंक्ड (बैंकिंग सुविधा से रहित) जनसंख्या को छोटे बचत खातों और भुगतान या रिमिटेंस सेवाओं (धन-स्थानांतरण) के माध्यम से बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना है। ये बैंक विशिष्ट विनियामक दिशानिर्देशों के तहत कार्य करते हैं और इन्हें बैंकिंग के कुछ सीमित कार्य करने की अनुमति होती है।

**Pecuniary Interest - आर्थिक हित**

यह एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें किसी व्यक्ति या संस्था का किसी विशेष आर्थिक या वित्तीय लाभ से सीधा संबंध होता है।

**Penalty - दंड / जुर्माना**

*(यह भी देखें / also see* – Contravention, Violation*)*

यह उल्लंघनकर्ता के खिलाफ लगाई जाने वाली एक सजा होती है, जो किसी विशेष कृत्य के परिणामस्वरूप लगाई जाती है। NPS के तहत, यदि कोई व्यक्ति या संस्था निर्धारित नियमों का पालन नहीं करती है, तो उस पर दंड का प्रावधान है। यह दंड विभिन्न प्रकार के उल्लंघनों पर लागू हो सकता है, जैसे समय पर अंशदान नहीं करना, निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन न करना या अन्य वित्तीय अनुशासन में कमी।

**Penny Drop - पेनी ड्रॉप**

*(यह भी देखें / also see-* Due Diligence*)*

पेनी ड्रॉप एक सरल तरीका है, जिसका उपयोग बैंक खाता विवरणों को सत्यापित करने के लिए किया जाता है, विशेष रूप से नो योर कस्टमर (KYC) प्रक्रिया के दौरान। इसमें ग्राहक के बैंक खाते में एक छोटी राशि, आमतौर पर एक रुपये या उससे कम का ट्रांसफर करना शामिल होता है। पेनी ड्रॉप का उपयोग खाता एवं नाम सत्यापन के लिए किया जाता है, जिससे धोखाधड़ी के रोकथाम में मदद मिलती है। पेनी ड्रॉप का उपयोग करके, व्यवसाय और वित्तीय संस्थान ग्राहक जानकारी की सटीकता सुनिश्चित कर सकते हैं और संभावित जोखिमों से खुद को बचा सकते हैं।

**Period of Validity - वैधता की अवधि**

यह उस समयसीमा को संदर्भित करता है, जिसके भीतर किसी दस्तावेज़, अनुबंध या अनुमति को मान्यता और वैधता प्राप्त होती है और उसका उपयोग किया जा सकता है।

**Pension - पेंशन**

*(यह भी देखें / also see-* Accrual Rate, Defined Contribution Pension (DCPS), NPS, Systematic investment plan (SIP)*)*

पेंशन एक ऐसी राशि है, जो किसी व्यक्ति को उसके सेवाकाल के बाद नियमित रूप से दी जाती है। इसे आप अपनी सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली मासिक आय भी कह सकते हैं। पेंशन योजनाएं लोगों को अपने भविष्य के लिए बचत करने में मदद करती हैं, ताकि वे अपनी सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।

**Pension Advisory Committee (PAC) - पेंशन सलाहकार समिति**

*(यह भी देखें / also see-* Quorum*)*

यह एक महत्त्वपूर्ण निकाय है, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संचालन और विकास में सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह समिति, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) के तहत काम करती है। PAC में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जैसे अर्थशास्त्री, वित्तीय विशेषज्ञ, बीमा विशेषज्ञ, सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ, अधिवक्ता और सरकारी अधिकारी। PAC द्वारा NPS के दीर्घकालिक विकास और उसके अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है और साथ ही यह भी सुनिश्चित होता है कि NPS एक मजबूत और विश्वसनीय पेंशन योजना बनी रहे।

**Pension Agent - पेंशन अभिकर्ता**

*(यह भी देखें / also see-* Business Correspondent (BC), Financial inclusion*)*

पेंशन अभिकर्ता का अर्थ है, अधिनियम के तहत शामिल पेंशन स्कीमों के वितरण की सुविधा के लिए उपस्थिति अस्तित्व द्वारा नियुक्त कोई भी व्यक्ति, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे -

- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत बैंकिंग अभिकर्ता (कोरेस्पोंडेंट)
- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत बीमा अभिकर्ता
- भारतीय म्यूच्यूअल फण्ड एसोसिएशन द्वारा पंजीकृत फण्ड वितरक; या
- प्राधिकरण द्वारा अनुमति प्राप्त कोई अन्य व्यक्ति ।

**Pension fund - पेंशन फण्ड / पेंशन निधि**

*(यह भी देखें / also see –* Investment Management Fee, Investment Management Agreement, Investment Pattern*)*

पेंशन फंड (निधि) वह वित्तीय संस्था होती है, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के तहत पेंशन कोष का प्रबंधन और निवेश करते हैं। उनका मुख्य कार्य पेंशन निधि में जमा राशि को विभिन्न वित्तीय उत्पादों, जैसे इक्विटी, बॉन्ड्स, जी-सेक और अन्य निवेश विकल्पों में समुचित तरीके से निवेश करना है, ताकि समय के साथ यह निधि बढ़ सके और रिटायरमेंट के बाद पेंशनधारियों को पर्याप्त पेंशन प्रदान की जा सके।

**Performance Evaluation System - प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली**

यह एक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति, टीम, संगठन या प्रोग्राम के कार्यों और परिणामों का मूल्यांकन करना है। यह प्रणाली निर्धारित करती है कि कार्य, लक्ष्य या परिणाम कितने प्रभावी और सफल रहे और इसे सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

**Persistency - स्थायित्व**

*(यह भी देखें / also see-* Co-contribution, Contribution Amount, Defined Contribution Pension (DCPS), NPS, Zero balance account*)*

वित्तीय या व्यापारिक संदर्भ में यह शब्द यह दर्शाता है, कि कोई व्यवसाय या गतिविधि, बिना किसी बड़े बदलाव या रुकावट के, लगातार और निरंतर रूप से चलती रहती है । विशेष रूप से पेंशन (NPS / अटल पेंशन योजना), बीमा और वित्तीय सेवाओं के सन्दर्भ में यह एक महत्त्वपूर्ण मापदंड माना जाता है, जो यह दिखाता है कि ग्राहक / अभिदाता कितनी बार अपने पॉलिसी प्रीमियम या अंशदान का भुगतान करते हैं या कितने समय तक सेवाओं का उपयोग करते हैं।

**Personal Information - व्यक्तिगत जानकारी**

*(यह भी देखें / also see-* Aadhaar **- आधार** , KYC, KYS, Unique Identification Authority of India (UIDAI) **-**

यह वह जानकारी है, जो किसी व्यक्ति की पहचान को स्थापित करने के लिए उपयोग की जाती है। यह जानकारी किसी व्यक्ति के नाम, पते, संपर्क विवरण और अन्य व्यक्तिगत विवरणों को शामिल करती है। व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग आमतौर पर सरकारी सेवाओं, वित्तीय लेन-देन और पहचान सत्यापन प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है।

**Physical Incapacitation - शारीरिक अक्षमता**

*(यह भी देखें / also see-* Disability, Invalidation2*)*

इसका मतलब किसी व्यक्ति की शारीरिक क्षमताओं में ऐसी कमी या असमर्थता से है, जिसके कारण वह सामान्य गतिविधियों या कार्यों को स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम नहीं होता। यह अस्थायी या स्थायी हो सकती है एवं दुर्घटना, बीमारी या उम्र संबंधी समस्याओं के कारण हो सकती है।

**PRAN (Permanent Retirement Account Number) - स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान)**

*(यह भी देखें / also see-* Active Member, Defined Contribution Pension (DCPS), NPS*)*

प्रत्येक एनपीएस सदस्य को आवंटित एक अद्वितीय, पोर्टेबल और आजीवन उपयोज्य सेवानिवृत्ति खाता संख्या।

**Pre-bid - प्री बिड**

*(यह भी देखें / also see –* Commercial Bid, Financial Proposal, Technical Proposal*)*

प्री-बिड का अर्थ है बोली (टेंडर) प्रक्रिया शुरू होने से पहले का वह चरण, जिसमें संभावित बोलीदाता और टेंडर जारी करने वाली संस्था के बीच महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की जाती है। यह प्रक्रिया बोली प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझने और संभावित बोलीदाताओं की शंकाओं का समाधान करने के लिए आयोजित की जाती है।

**Present Value- वर्तमान मूल्य**

*(यह भी देखें / also see-* Actuary, Actuarial Assumptions*)*

वर्तमान मूल्य एक वित्तीय अवधारणा है, जो भविष्य में प्राप्त होने वाली राशि को वर्तमान समय में उसके मूल्य के संदर्भ में व्यक्त करती है। दूसरे शब्दों में, यह बताता है कि भविष्य में मिलने वाली धनराशि आज कितनी मूल्यवान है।

**Private Sector Banks - निजी क्षेत्र के बैंक**

*(यह भी देखें / also see –* Co-operative Banks, Public Sector Banks, Private Sector Banks, Regional Rural Banks (RRBs), Small Finance Banks*)*

निजी क्षेत्र के बैंक वे बैंक हैं जिनमें अधिकांश हिस्सेदारी या शेयर पूंजी निजी शेयरधारकों के पास होती है, न कि सरकार के पास। ये बैंक कंपनी अधिनियम (Companies Act) के तहत कंपनियों के रूप में पंजीकृत होते हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (Banking Regulation Act, 1949) के अंतर्गत विनियमित होते हैं।

**Pro-rata - अनुपातानुसार या प्रतिशत के अनुसार**

एक वित्तीय और गणितीय अवधारणा जिसका उपयोग किसी राशि, लागत या लाभ को समान रूप से विभाजित करने के लिए किया जाता है।

**Proprietary Data - स्वामित्व डेटा**

*(यह भी देखें / also see-* Confidentiality*)*

उस विशेष जानकारी या डेटा को कहते हैं, जो किसी व्यक्ति, संगठन, या कंपनी की संपत्ति होती है और जिसे गोपनीय और सुरक्षित रखा जाता है। इस डेटा पर केवल उस संगठन या व्यक्ति का अधिकार होता है और इसे दूसरों के साथ साझा करने या सार्वजनिक करने की अनुमति आमतौर पर नहीं होती है।

**Public Consultation - सार्वजनिक परामर्श**

एक ऐसी प्रक्रिया जिसके माध्यम से सरकार, संगठन या नीति-निर्माता किसी नीति, योजना, कानून या परियोजना पर आम जनता, हितधारकों और विशेषज्ञों की राय और सुझाव प्राप्त करते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय पारदर्शी, सहभागी और सभी संबंधित पक्षों की जरूरतों और चिंताओं को ध्यान में रखकर लिए जाएं।

**Public Sector Banks - सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक**

*(यह भी देखें / also see –* Co-operative Banks, Private Sector Banks, Payments Bank, Regional Rural Banks (RRBs), Small Finance Banks*)*

वे बैंक जिनमें सरकार की हिस्सेदारी (ownership) 50% से अधिक होती है। यह हिस्सेदारी केंद्र सरकार, राज्य सरकार या इनके संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से हो सकती है। इन बैंकों का संचालन और प्रबंधन सरकारी नियंत्रण में होता है और इनका मुख्य उद्देश्य जनता को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना और आर्थिक विकास में अंशदान देना होता है।

**Purchase Price - खरीद मूल्य**

*(यह भी देखें / also see -* Annuity*,* Annuitisation*,* Return of Purchase Price*)*

एन्युटी (Annuities) और पेंशन (Pensions) के संदर्भ में, खरीद मूल्य उस राशि को कहते हैं जो एक व्यक्ति एन्युटी योजना खरीदने के लिए एकमुश्त (लंपसम) भुगतान के रूप में अदा करता है। यह एक बार का भुगतान होता है जो बीमा कंपनी या एन्युटी प्रदाता को किया जाता है, और बदले में व्यक्ति को निर्धारित समय के लिए या जीवन भर नियमित भुगतान (एन्युटी) प्राप्त होते हैं।

# Q

**Qualified Valuer - प्रमाणित मूल्यांकनकर्ता / अर्ह मूल्यांकक**

*(यह भी देखें / also see* – Evaluation*,* Held to Maturity*,* Mark to Market (MTM)*,* Market Value of *)*

एक ऐसा व्यक्ति जो किसी संपत्ति, व्यवसाय, अचल संपत्ति, वित्तीय साधन या किसी अन्य परिसंपत्ति का मूल्यांकन करने के लिए प्रशिक्षित, प्रमाणित और अधिकृत होता है।

**Quorum – सभापूर्ण / कोरम**

*(यह भी देखें / also see* – Authority*,* Pension Advisory Committee (PAC)*)*

यह किसी सभा, बैठक या संगठन की कार्यवाही शुरू करने और उसे वैध मानने के लिए आवश्यक न्यूनतम सदस्यों की संख्या को संदर्भित करता है। यदि कोरम पूरा नहीं होता है, तो बैठक को मान्य नहीं माना जाता। कोरम की आवश्यकता संगठन के नियमों, संविधान या विधान से निर्धारित होती है।

## R

**Real Growth Rate - वास्तविक वृद्धि दर**

एक आर्थिक सूचकांक है जो किसी अर्थव्यवस्था या क्षेत्र की वास्तविक आर्थिक वृद्धि को मापता है। यह वृद्धि दर समय के साथ होने वाली वृद्धि को मुद्रास्फीति के प्रभाव से समायोजित करती है, ताकि वास्तविक विकास की सही तस्वीर सामने आ सके। जब हम वास्तविक वृद्धि दर की बात करते हैं, तो इसका मतलब है कि हम केवल वास्तविक उत्पादन (या वास्तविक GDP) में वृद्धि को देख रहे हैं, न कि मुद्रास्फीति के कारण वृद्धि हुई कीमतों को।

**Reasonable Time Frame - उचित समयावधि**

*(यह भी देखें / also see* – Turnaround Time)

यह एक ऐसा समय होता है जो किसी कार्य, दायित्व या गतिविधि को पूरा करने के लिए व्यावहारिक और उचित माना जाता है। यह समय परिस्थितियों, कार्य की प्रकृति और संबंधित पक्षों की अपेक्षाओं पर निर्भर करता है।

**Redressal of Grievances - शिकायतों का निवारण**

*(यह भी देखें / also see* – Central Grievance Management System, Complaint, Complainant, Grievance, Grievance Redressal Policy)

यह किसी व्यक्ति, समूह या संगठन द्वारा उठाई गई समस्याओं, असंतोष या शिकायतों का समाधान करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। इसका उद्देश्य प्रभावित पक्ष को न्याय और राहत प्रदान करना है।

**Regional Rural Banks (RRBs) - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक** *(यह भी देखें / also see* – Co-operative Banks, **Public Sector Banks**, Private Sector Banks, Payments Bank, Small Finance Banks*)*

ये भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित बैंक हैं। ये बैंक मुख्य रूप से कृषि, छोटे उद्योगों, कारीगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।

**Regulated Assets - विनियमित आस्तियां**

ये ऐसी संपत्तियाँ होती हैं जिनके संचालन, उपयोग या मूल्य निर्धारण पर किसी सरकारी निकाय या विनियामक संस्था द्वारा नियंत्रण या नियम लागू होते हैं। एनपीएस स्थापत्य के अंतर्गत केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के स्वामित्वाधीन, पट्टाधृत और उसके द्वारा विकसित आस्तियां और संपत्तियां, मूर्त और अमूर्त दोनों तथा उसके अन्य अधिकार अभिप्रेत हैं।

**Regulatory Technology (RegTech) - रेगुलेटरी टेक्नोलॉजी / विनियामक तकनीक**

*(यह भी देखें / also see* – FinTech, SupTech*)*

रेगुलेटरी टेक्नोलॉजी (RegTech) एक उभरती हुई तकनीकी अवधारणा है, जो मुख्य रूप से वित्तीय और अन्य विनियामक अनुपालनों (compliance) को स्वचालित और कुशल बनाने के लिए डिज़ाइन की जाती है। RegTech का मुख्य उद्देश्य विनियामक अनुपालन (compliance) को सरल, तेज़ और अधिक सटीक बनाना है। यह तकनीक उन उपकरणों और प्रणालियों का उपयोग करती है, जो विनियामक मानकों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं, साथ ही विनियामक एजेंसियों और वित्तीय संस्थाओं को जोखिम और धोखाधड़ी से बचाती हैं।

**Remittance – प्रेषण / विप्रेषण**

यह एक वित्तीय प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा धन को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग तब होता है, जब कोई व्यक्ति अपने परिवार, व्यापार या किसी अन्य उद्देश्य के लिए धन दूसरे स्थान (विशेष रूप से विदेश से) भेजता है।

**Replacement Rate - प्रतिस्थापन दर**

*(यह भी देखें / also see-* Accrual Rate, Co-contribution, Contribution Amount, Defined Benefit Pension (DBPS)Defined Contribution Pension (DCPS)Pension, Retirement Savings*)*

पेंशन और एन्युटी के संदर्भ में यह एक महत्त्वपूर्ण वित्तीय आकलन है। यह उस दर को संदर्भित करता है, जो एक व्यक्ति की सेवानिवृत्ति के बाद उसकी आय को उसके कार्यकाल के दौरान की आय के मुकाबले बदलने के लिए जरूरी होती है। प्रतिस्थापन दर यह सुनिश्चित करने का एक

तरीका है कि सेवानिवृत्त होने के बाद व्यक्ति की जीवनशैली पर बहुत अधिक असर न पड़े और उसे अपने दैनिक खर्चों को कवर करने के लिए पर्याप्त आय मिल सके।

**Retirement Advice - सेवानिवृत्ति सलाह**

*(यह भी देखें / also see-* Retirement Adviser, Risk Profiling*)*

वह पेशेवर मार्गदर्शन, जो व्यक्ति को उनकी सेवानिवृत्ति योजना, वित्तीय बचत, निवेश और पेंशन से जुड़े फैसले लेने में मदद करता है।

**Retirement Adviser - सेवानिवृत्ति सलाहकार**

*(यह भी देखें / also see –* Retirement Advice, Risk Profiling*)*

वह पेशेवर व्यक्ति या संस्था, जो लोगों को उनकी सेवानिवृत्ति के लिए वित्तीय योजना बनानेऔर निवेश के सही विकल्प चुनने और पेंशन स्कीमों के बारे में सलाह देने में मदद करती है।

**Retirement Savings - सेवानिवृत्ति बचत**

*(यह भी देखें / also see-* Co-contribution, Contribution Amount, Defined Benefit Pension (DBPS) Defined Contribution Pension (DCPS), Pension, Systematic investment plan (SIP), Systematic Lump Sum Withdrawal (SLW)*)*

यह उस धनराशि को संदर्भित करता है, जो किसी व्यक्ति द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए भविष्य में खर्च करने के उद्देश्य से जमा की जाती है। सेवानिवृत्ति बचत व्यक्ति की भविष्य की आय और खर्चों के बीच अंतर को पूरा करने में मदद करती है, ताकि कामकाजी जीवन के बाद भी वे आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।

**Return of Purchase Price - खरीद मूल्य की वापसी**

*(यह भी देखें / also see -* Annuitisation, Annuity, Annuity contract, Purchase Price*)*

यह उस स्थिति को दर्शाता है जब, विशेषतः बीमा या वार्षिकी योजनाओं में ग्राहक को उनके द्वारा भुगतान की गयी कुल खरीद मूल्य की वापसी की गारंटी दी जाती है।

**Risk Management Committee - जोखिम प्रबंधन समिति**

एक समिति, जो किसी संगठन या संस्था में मौजूद विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और उन्हें कम करने के लिए रणनीतियाँ बनाने का कार्य करती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि, संगठन संभावित जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपट सके और उसकी वित्तीय और परिचालन गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

**Risk premium- जोखिम प्रीमियम**

*(यह भी देखें / also see -*Expected Return on Assets*)*

वह अतिरिक्त रिटर्न होता है जिसे एक निवेशक किसी जोखिमपूर्ण निवेश से प्राप्त करने की उम्मीद करता है, जो कि बिना जोखिम वाले निवेश (जैसे सरकारी बॉन्ड्स) से अपेक्षित रिटर्न से अधिक होता है। इसका मतलब यह है कि जोखिम उठाने के बदले निवेशक को अतिरिक्त लाभ की आवश्यकता होती है।

**Risk Profiling- जोखिम पृष्ठभूमि / जोखिम प्रोफाइलिंग**

*(यह भी देखें / also see-* Retirement Advice, Retirement Adviser, Risk Profiling*)*

यह एक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति या संगठन की जोखिम उठाने की क्षमता, उनकी जोखिम सहनशीलता (risk tolerance) और निवेश लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उनकी जोखिम क्षमता का आकलन किया जाता है।

# S

**Save and Except – सिवाय / को छोड़कर / के अलावा**
यह एक कानूनी या औपचारिक वाक्यांश है। इसका उपयोग तब किया जाता है, जब किसी विशेष स्थिति या सूची से किसी विशेष वस्तु या व्यक्ति को बाहर रखा जाता है। यह आमतौर पर कानूनी दस्तावेजों, अनुबंधों और समझौतों में होता है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि ऐसे कुछ विशेष अपवाद हैं, जिन्हें शामिल नहीं किया गया है।

**Scrutiny – समीक्षा / जांच / पुनर्विचार**
*(यह भी देखें / also see* – Adjudication, Investigation*)*
अर्थात किसी भी चीज़ का गहन और विस्तृत अध्ययन या विश्लेषण। यह किसी मामले, दस्तावेज़ या प्रक्रिया की सटीकता, वैधता या औचित्य को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है।

**Search and Seizure - तलाशी और अभिग्रहण**
*(यह भी देखें / also see* – Investigation, Scrutiny*)*
अर्थात वह कानूनी प्रक्रिया, जिसके तहत कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ या अन्य सक्षम अधिकारी किसी व्यक्ति, स्थान या संपत्ति की तलाशी लेकर अवैध या संदिग्ध वस्तुओं को जब्त कर सकते हैं।

**Secured Creditor - सुरक्षित ऋणदाता**
यह वह व्यक्ति या संस्था होती है, जिसे किसी संपत्ति या आस्ति के आधार पर ऋण दिया गया होता है और यदि उधारकर्ता अपना ऋण नहीं चुकाता, तो ऋणदाता के पास उस संपत्ति / आस्ति को बेचकर अपना ऋण वसूल करने का अधिकार होता है।

**Securities - वित्तीय उपकरण / प्रतिभूतियां**
*(यह भी देखें / also see* – Asset Class, Bond, G-sec*)*
वित्तीय संदर्भ में यह उन विभिन्न वित्तीय उपकरणों से संबंधित है, जिनका उपयोग निवेशक निवेश करने, कंपनियाँ पूंजी जुटाने और सरकारें ऋण लेने के लिए करती हैं। ये वित्तीय उपकरण, जिनमें एक निश्चित मूल्य होता है, एक व्यक्ति या संस्था के पास संपत्ति का अधिकार और भविष्य में निश्चित रिटर्न का वादा करते हैं।

**Security Deposit- सुरक्षा जमा / प्रतिभूति जमा**
प्रतिभूति जमा एक तरह की जमानत होती है जो किसी संपत्ति, सेवा या अनुबंध के लिए ली जाती है। यह राशि आमतौर पर नकद या चेक के रूप में दी जाती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि, उस संपत्ति या सेवा का उपयोग करते समय उसे किसी भी तरह का नुकसान या क्षति न पहुंचाया जाए। यह एक सामान्य वित्तीय प्रथा है, जो विभिन्न प्रकार के लेनदेन में उपयोग की जाती है। यह दोनों पक्षों के लिए एक सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करती है।

**Server and Application hosting - सर्वर और एप्लीकेशन होस्टिंग**
अर्थात एक ऐसी सेवा, जहां कोई वेबसाइट, वेब एप्लीकेशन या अन्य डिजिटल सामग्री को इंटरनेट पर उपलब्ध करा सकता है। यह सेवा एक डिजिटल स्पेस प्रदान करती है, जहां उपयोगकर्ता सामग्री को स्टोर कर सकते हैं और दुनिया भर के लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

**Service Level Agreement (SLA) - सेवा स्तर समझौता / सेवा स्तरीय अनुबंध**
यह एक औपचारिक अनुबंध होता है, जो सेवा प्रदाता (Service Provider) और ग्राहक (Client) के बीच सेवा की गुणवत्ता, प्रदर्शन और जिम्मेदारियों को निर्धारित करता है। SLA में यह स्पष्ट रूप से लिखा होता है कि, सेवा कैसे और किस स्तर पर प्रदान की जाएगी और यदि निर्धारित स्तर पर सेवा नहीं मिलती है, तो उसके लिए क्या उपाय या दंड के प्रावधान होंगे।

**Service Level Standards (SLS) - सेवा स्तर मानक**
एक औपचारिक समझौता होता है, जो एक सेवा-प्रदाता और ग्राहक के बीच होता है। यह समझौता सेवा की अपेक्षित गुणवत्ता का स्तर परिभाषित करता है। इसमें विशिष्ट मीट्रिक्स और लक्ष्य शामिल होते हैं, जिन्हें सेवा-प्रदाता को ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए पूरा करना होता है। स्पष्ट

अपेक्षाओं को परिभाषित करके और सेवा प्रदाताओं को जवाबदेह बनाकर, SLAs यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि ग्राहकों को वह सेवा गुणवत्ता मिले, जिसके वे हकदार हैं।

**Service Request - सेवा अनुरोध**

अर्थात एक औपचारिक संचार, जो किसी ग्राहक या उपयोगकर्ता द्वारा किसी उत्पाद या सेवा पर सहायता या रखरखाव का अनुरोध करने के लिए किया जाता है। इसमें समस्या या आवश्यकता का विवरण होता है और आमतौर पर संपर्क जानकारी, समस्या का विवरण और वांछित समाधान जैसे विवरण शामिल होते हैं।

**Service Standards - सेवा मानक**

सेवा मानक एक संगठन द्वारा निर्धारित नियम, प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश हैं, जो सेवा की गुणवत्ता और दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाते हैं। इन मानकों का उद्देश्य ग्राहकों को एक सुसंगत और संतोषजनक सेवा अनुभव प्रदान करना है।

**Settlor - सेटलर**

ट्रस्ट के संदर्भ में, सेटलर वह व्यक्ति है जो ट्रस्ट (trust) की स्थापना करता है और अपने संपत्ति (जैसे धन, भूमि आदि) को ट्रस्ट में स्थानांतरित करता है, ताकि उसे एक निर्दिष्ट उद्देश्य या लाभार्थियों के लिए प्रबंधित किया जा सके। सेटलर ट्रस्ट का आधार तैयार करता है और ट्रस्ट डीड पर हस्ताक्षर करके ट्रस्ट की शर्तों को निर्धारित करता है। सेटलर का कार्य ट्रस्ट की शुरुआत और उसकी वैधता के लिए महत्त्वपूर्ण है।

**State Level Bankers' Committee (SLBC) and Union Territory Level Bankers' Committee (UTLBC) - राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति और केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति**

*(यह भी देखें / also see* –Lead District Manager (LDM)*)*

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) और केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (UTLBC) ये दोनों ही ऐसे संस्थागत ढांचे हैं, जो राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के स्तर पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं। ये समितियाँ राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और ऋण प्रवाह को सुगम बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**Small Finance Banks - लघु वित्त बैंक**

*(यह भी देखें / also see* – Co-operative Banks*,* Public Sector Banks*,* Private Sector Banks*,* Payments Bank*,* Regional Rural Banks (RRBs)*)*

यह एक प्रकार के विशेष बैंक होते हैं, जो छोटे और मध्यम व्यवसायों, कम आय वाले वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। इन बैंकों का मुख्य उद्देश्य समाज के उन हिस्सों तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाना है, जो पारंपरिक बड़े बैंकों की पहुंच से बाहर होते हैं। लघु वित्त बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा लाइसेंस प्रदान किया जाता है और ये भारतीय वित्तीय प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।

**Social Security System - सामाजिक सुरक्षा प्रणाली**

यह एक ऐसी व्यवस्था है जो व्यक्तियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, विशेषकर बुढ़ापे, बीमारी, बेरोजगारी, विकलांगता और मृत्यु जैसे जोखिमों और आकस्मिकताओं के खिलाफ। साथ ही, यह प्रणाली विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान करती है, जैसे पेंशन, चिकित्सा लाभ, अक्षमता लाभ, बेरोजगारी लाभ और पारिवारिक लाभ।

**Sponsor - प्रायोजक**

*(यह भी देखें / also see* – Pension fund*)*

अर्थात वह व्यक्ति या संस्था, जो किसी संस्था को शुरू करने और बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। NPS के सन्दर्भ में प्रायोजक वह कॉरपोरेट निकाय है, जो पेंशन निधि में प्रदत्त इक्विटी पूँजी का बीस प्रतिशत या उससे अधिक धारित करता हो और प्रायोजक के लिए निर्दिष्ट पात्रता शर्तों को पूरा करता हो ।

**Statement of Transaction - लेन-देन का विवरण**

*(यह भी देखें / also see* – NPS)

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संदर्भ में यह एक दस्तावेज़ है, जो निवेशक के खाते में किए गए सभी वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड प्रस्तुत करता है। इसमें निवेशक द्वारा किए गए अंशदान, लाभ और अन्य संबंधित विवरण होते हैं, जो एनपीएस खाते में हुए बदलावों को दर्शाते हैं, जिससे निवेशक अपने निवेश की समीक्षा और प्रबंधन कर सकते हैं।

**Stipendiary Ombudsman - सवैतनिक लोकपाल**

*(यह भी देखें / also see – (यह भी देखें / also see –* Central Grievance Management System, Complaint, Complainant, Grievance, Grievance Redressal Policy, Ombudsman*)*

अर्थात ऐसा अधिकारी जिसे किसी संगठन या सरकारी निकाय द्वारा नियुक्त किया जाता है और उसे एक निर्धारित वेतन दिया जाता है। इसका मुख्य कार्य शिकायतों का निपटारा करना और विवादों का समाधान करना होता है। खासकर तब, जब यह उपभोक्ताओं या कर्मचारियों के अधिकारों से संबंधित हो।

**Subscriber - अभिदाता**

*(यह भी देखें / also see –* Active Member, PRAN (Permanent Retirement Account Number), Tier I Account, Tier II Account*)*

अर्थात एक ऐसा व्यक्ति जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) या किसी अन्य पेंशन योजना में भाग लेता है और नियमित रूप से उसमें अंशदान करता है। अभिदाता उस योजना में निवेश करने के लिए पंजीकरण करता है और योजना के तहत निर्धारित अंशदान राशि जमा करता है, ताकि वह भविष्य में वृद्धावस्था या अन्य कारणों से सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन प्राप्त कर सके।

**Subscriber Awareness Programme - अभिदाता जागरूकता कार्यक्रम**

*(यह भी देखें / also see –* Awareness*)*

यह एक कार्यक्रम है जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अभिदाताओं को उनकी योजना के लाभों, शर्तों, प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य निवेशकों को पेंशन योजना के तहत अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे बेहतर तरीके से योजना का लाभ उठा सकें और अपने भविष्य के लिए सही निर्णय ले सकें।

**Subscriber contribution - अभिदाता अंशदान**

*(यह भी देखें / also see-* Co-contribution, Contribution Amount, Defined Benefit Pension (DBPS), Defined Contribution Pension (DCPS), NPS, Pension, Retirement Savings*)*

वह नियमित राशि जो एनपीएस अभिदाता अपने पेंशन खाते में जमा करते हैं। ये  समय के साथ जमा होते हैं और पेंशन निधि प्रबंधकों द्वारा निवेशित किए जाते हैं।

**Subscriber Contribution File (SCF) - अभिदाता अंशदान फ़ाइल**

*(यह भी देखें / also see-* Funds receipt confirmation (FRC), File Preparation Utility (FPU), File Validation Utility (FVU), Accredited Bank*)*

NPS के सन्दर्भ में अभिदाता अंशदान फ़ाइल (SCF) एक डिजिटल फ़ाइल है, जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) खातों में अभिदाताओं द्वारा किए गए अंशदानों का विवरण होता है। यह फ़ाइल आमतौर पर नियोक्ता या अधिकृत एजेंसी द्वारा कर्मचारियों की ओर से तैयार और अपलोड की जाती है। SCF में शामिल कुछ प्रमुख जानकारियां इस प्रकार हैं - अभिदाता का PRAN (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या), कर्मचारी अंशदान राशि, नियोक्ता अंशदान राशि, कुल अंशदान राशि एवं अंशदान माह।

**Superannuation Age - अधिवर्षिता की आयु**

*(यह भी देखें / also see-* Accumulated Pension Corpus/, Annuity, Retirement Savings*)*

अधिवर्षिता, सेवानिवृत्ति की आयु को दर्शाता है। यह वह आयु है जिस पर कोई व्यक्ति, आमतौर पर किसी नौकरी या सरकारी सेवा से, अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त हो जाता है। भारत में, विभिन्न संगठनों और नौकरियों के लिए अलग-अलग अधिवर्षिता की आयु निर्धारित की जाती है। आमतौर पर, सरकारी कर्मचारियों के लिए यह 60 वर्ष है, लेकिन कुछ मामलों में, विशेषकर सशस्त्र बलों और कुछ अन्य सरकारी सेवाओं में, यह कम या अधिक हो सकती है।

**Supersede - प्रतिस्थापित करना / अधिक्रमित करना / किसी का स्थान लेना**

कानूनी संदर्भ में, इसका उपयोग किसी पुराने नियम, आदेश या कानून के स्थान पर नए नियम या आदेश के लागू होने के संकेत के रूप में किया जाता है।

**Supersession of Management - प्रबंधन का प्रतिस्थापन / अधिक्रमण**

अर्थात प्रबंधन के किसी सदस्य या समूह को उनकी भूमिका या जिम्मेदारी से हटा देना और उनकी जगह नए व्यक्ति या टीम को नियुक्त करना। यह प्रबंधन के स्तर पर एक परिवर्तन को दर्शाता है, जहां पुराने प्रबंधकों या अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया जाता है और उनके स्थान पर नए प्रबंधक या अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। यह प्रक्रिया संगठन में नए दृष्टिकोण, सुधार और नेतृत्व को दिशा देने के लिए की जाती है।

**Supervisory Technology (SupTech) - सुपरवाईज़री टेक्नोलॉजी / पर्यवेक्षी तकनीक**

*(यह भी देखें / also see-* FinTech, RegTech *)*

सुपरवाईज़री टेक्नोलॉजी, जिसे संक्षेप में SupTech कहते हैं, एक शक्तिशाली उपकरण है जो विनियामकों को अधिक प्रभावी तरीके से वित्तीय संस्थाओं की निगरानी करने में मदद करता है। यह तकनीक डेटा संग्रहण, विश्लेषण और निगरानी प्रक्रियाओं को स्वचालित करती है, जिससे निगरानी अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से होती है। SupTech का उपयोग करके विनियामक एजेंसियाँ वित्तीय क्षेत्र में जोखिमों और धोखाधड़ी को जल्दी पहचान सकती हैं और उनपर त्वरित कार्रवाई कर सकती हैं, जिससे समग्र वित्तीय सुरक्षा में वृद्धि होती है।

**Surveillance - निगरानी**

*(यह भी देखें / also see-* Investigation, Investigating Authority*)*

यह एक प्रक्रिया है जिसमें किसी व्यक्ति, समूह या गतिविधि की निरंतर देखरेख और रिकॉर्डिंग की जाती है। निगरानी का उद्देश्य विभिन्न कारणों से हो सकता है, जैसे सुरक्षा, अपराध की रोकथाम, जन स्वास्थ्य या कानून प्रवर्तन।

**Systematic investment plan (SIP)- सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान**

*(यह भी देखें / also see-* Co-contribution, Contribution Amount, Defined Contribution Pension (DCPS), NPS, Pension, Retirement Savings*)*

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) एक निवेश प्रक्रिया है, जिसमें आप नियमित अंतराल (जैसे मासिक, तिमाही) पर एक निश्चित राशि निवेश करते हैं। SIP आपको लंबी अवधि में धन संचित करने का अवसर प्रदान करता है और यह अनुशासित निवेश की आदत विकसित करने में मदद करता है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संदर्भ में, सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) एक ऐसा तरीका है, जिसके माध्यम से निवेशक नियमित अंतराल पर अपने पेंशन खाते में धनराशि का योगदान कर सकते हैं।

**Systematic Lump Sum Withdrawal (SLW)- सिस्टेमैटिक लंप सम विदड्रॉअल**

*(यह भी देखें / also see-* Accumulated Pension Corpus/, Deferment, Lumpsum, Pension, Retirement Savings*)*

सिस्टेमैटिक लंप सम विदड्रॉअल (SLW), राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) का एक विकल्प है, जिसके तहत सब्सक्राइबर्स अपनी संचित राशि को एकमुश्त निकालने के बजाय चरणबद्ध तरीके से निकाल सकते हैं। यह विकल्प उन लोगों के लिए उपयुक्त है, जो अपनी सेवानिवृत्ति के बाद अपनी राशि का व्यवस्थित रूप से उपयोग करना चाहते हैं, ताकि वे इसे समय के साथ खर्च कर सकें और उनके पास लंबी अवधि तक पैसे बने रहें। यह विकल्प NPS के वर्तमान निकासी नियमों के तहत काम करता है, जो सेवानिवृत्ति के समय और उससे पहले के निकासी की प्रक्रिया को निर्धारित करते हैं।

# T

**Tangible Net Worth (TNW) - संपत्ति का वास्तविक मूल्य / ठोस शुद्ध संपत्ति**

*(यह भी देखें / also see-* Accumulated Pension Corpus/, Net Worth, Retirement Savings*)*

अर्थात किसी व्यक्ति या संस्था की कुल संपत्तियों का वास्तविक मूल्य, जिसमें केवल भौतिक और मौद्रिक संपत्तियाँ शामिल होती हैं, जबकि गैर-मूल्यवान संपत्तियाँ (जैसे ब्रांड का नाम, सॉफ़्टवेयर, पेटेंट, goodwill आदि) इसमें शामिल नहीं होते हैं। यह एक महत्त्वपूर्ण मापदंड है, जो यह बताता है कि किसी व्यक्ति या संगठन के पास उनके ऋणों को चुकाने के बाद कितनी वास्तविक संपत्ति बचती है।

**Technical Proposal - तकनीकी प्रस्ताव**

*(यह भी देखें / also see –* Commercial Bid, Financial Proposal, Pre-bid*)*

बिडिंग (निविदा) प्रक्रिया में वह दस्तावेज़ होता है, जिसमें बोलीप्रदाता द्वारा प्रोजेक्ट या टेंडर से संबंधित तकनीकी पहलुओं और उनकी क्षमताओं का विवरण दिया जाता है। इसे सामान्यतः आर्थिक या वित्तीय प्रस्ताव (Financial Proposal) से अलग प्रस्तुत किया जाता है। यह प्रस्ताव बोलीप्रदाता द्वारा प्रस्तुत की गई योजना, तकनीकी समाधान, कार्यप्रणाली और विशेषज्ञता को दर्शाता है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण होता है कि वे परियोजना के लिए तकनीकी रूप से सक्षम हैं।

**Technology Architecture - प्रौद्योगिकी स्थापत्य**

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के संदर्भ में, यह उस प्रणाली का ढांचा है, जो NPS के संचालन और प्रबंधन को समर्थन देने के लिए विभिन्न तकनीकी घटकों, सॉफ़्टवेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रक्रियाओं को जोड़ती है। इसमें सभी तकनीकी घटक शामिल होते हैं, जो अंशदान, रिकॉर्ड-कीपिंग, निवेश, निकासी और रिपोर्टिंग जैसे कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक होते हैं।

**Third Party Systems - तृतीय पक्ष प्रणालियाँ/ अन्य पक्षकार प्रणाली**

इसका तात्पर्य उन सिस्टमों या सेवाओं से है, जो किसी कंपनी या संगठन द्वारा सीधे नियंत्रित नहीं किए जाते हैं, बल्कि बाहरी कंपनियों या विक्रेताओं द्वारा प्रदान किए जाते हैं। ये तृतीय पक्ष सेवाएँ या सिस्टम किसी विशेष कार्य या सेवा के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, जैसे सॉफ़्टवेयर, क्लाउड सेवाएँ, भुगतान गेटवे या अन्य तकनीकी समाधान। एनपीएस स्थापत्य के अंतर्गत इनका अभिप्रेत ऐसी प्रणालियों के उपयोग से है, जिनमें बौद्धिक संपदा अधिकारों का स्वामी कोई अन्य पक्षकार होता है और जिसके प्रति केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण को उसका उपयोग करने की अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रदान की गयी है और जिसका उपयोग सेवाएं प्रदान करने में किया जाता है।

**Tier I Account - टियर I खाता**

*(यह भी देखें / also see –* PRAN (Permanent Retirement Account Number), Subscriber, Tier II Account*)*

अर्थात एनपीएस का प्राथमिक खाता, जो सभी अभिदाताओं के लिए अनिवार्य है। इस खाते में किए गए अंशदान कर-लाभ के लिए पात्र होते हैं, लेकिन सेवानिवृत्ति तक उनकी निकासी पर प्रतिबंध होता है।

**Tier II Account - टियर II खाता**

*(यह भी देखें / also see –* PRAN (Permanent Retirement Account Number), Subscriber, Tier I AccountTier II Account, Withdrawable Account*)*

अर्थात एनपीएस के तहत एक स्वैच्छिक बचत खाता, जिसमें निकासी के नियम अधिक लचीले होते हैं, लेकिन उसमें किए गए अंशदान को टियर I के समान कर-लाभ नहीं मिलता है।

**T-pin – टी-पिन**

*(यह भी देखें / also see –* PRAN (Permanent Retirement Account Number), Subscriber, Tier I Account, Tier II Account*)*

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संदर्भ में, यह एक व्यक्तिगत पहचान संख्या (PIN) है, जिसे अभिदाता अपने NPS खातों से संबंधित लेन-देन में उपयोग करते हैं। यह एक सुरक्षा उपाय है, जो खासतौर पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान, अभिदाता के खाते की सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। यह पेंशन प्रणाली के संचालन को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखने में मदद करता है।

**Trustee bank – ट्रस्टी (न्यासी) बैंक**

*(यह भी देखें / also see-* Accredited Bank*,* Cheque Drawing and Disbursing Office (CDDO)*,* Pay and accounts officer*)*

एनपीएस स्थापत्य में यह बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है, जैसे कि संग्रहण (Collection), पूलिंग (Pooling), प्रेषण (Remittances) और कोषों का सामंजस्य (Reconciliation) । वर्तमान में Axis Bank Ltd ट्रस्टी बैंक (टीबी) के रूप में कार्य कर रहा है।

**Turnaround Time – प्रत्यावर्तन / निपटान समय / नियत अवधि / समयसीमा**

*(यह भी देखें / also see-* Reasonable Time Frame*)*

वह कुल समय जो किसी कार्य, प्रक्रिया या अनुरोध को पूरा करने में लगता है, अर्थात उसकी शुरुआत से लेकर समाप्ति तक का समय।

## U

**Unique Identification Authority of India (UIDAI) - भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण**

*(यह भी देखें / also see-* Aadhaar - **आधार** , Personal Information*)*

यह एक सरकारी संस्था है, जो भारत के सभी निवासियों को एक अनूठा और अद्वितीय 12 अंकों का पहचान नंबर, जिसे आधार कहा जाता है, जारी करता है।

**Valuation of Scheme Assets - परियोजना की संपत्तियों (आस्तियों) का मूल्यांकन**

*(यह भी देखें / also see-* Held to Maturity, Mark to Market (MTM), Market Value of Qualified Valuer*)*

इसका तात्पर्य निवेश योजनाओं जैसे म्यूचुअल फंड या पेंशन फंड की संपत्तियों के मूल्य को निर्धारित करने से है। यह मूल्यांकन इस बात का आकलन करने के लिए किया जाता है कि, योजना की संपत्तियों की वर्तमान बाजार में क्या कीमत है।

**Verification of Information - सूचना का सत्यापन**

*(यह भी देखें / also see-* Due Diligence, KYC, KYS)

वित्तीय संदर्भ में, इसका अर्थ है किसी व्यक्ति, संस्था या लेन-देन से संबंधित प्रस्तुत जानकारी की सटीकता, प्रामाणिकता और वैधता की पुष्टि करना। यह प्रक्रिया वित्तीय लेन-देन और सेवाओं में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और जोखिम प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

**Violation - उल्लंघन**

*(यह भी देखें / also see-* Contravention*)*

अर्थात किसी नियम, कानून या समझौते के प्रावधानों का उल्लंघन करना या उसे तोड़ना। यह किसी नियम, कानून या समझौते का अनुपालन न करने की स्थिति को भी दर्शाता है।

**Voluntary Exit - स्वैच्छिक निकासी**

*(यह भी देखें / also see-* NPS, PRAN (Permanent Retirement Account Number), Subscriber, Tier I Account, Tier II Account*)*

यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अभिदाताओं के लिए किया गया एक वैकल्पिक प्रावधान है, जिसमें कोई सदस्य योजना की निर्धारित परिपक्वता अवधि (60 वर्ष की आयु) पूरा होने से पहले ही स्वेच्छा से NPS से निकासी का विकल्प चुन सकता है। यह सुविधा NPS अभिदाताओं को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना से निकासी का लचीलापन प्रदान करती है, लेकिन इसमें कुछ नियम और शर्तें लागू होती हैं।

# W

**Wholesale price index (WPI)- थोक मूल्य सूचकांक**

*(यह भी देखें / also see-*Consumer Price Index (CPI)*)*

थोक मूल्य सूचकांक (WPI) एक प्रमुख आर्थिक संकेतक है जो देश में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं की थोक कीमतों को मापता है। यह सूचकांक मुख्य रूप से उत्पादन और थोक व्यापार स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है। WPI का उपयोग केंद्रीय बैंक (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) और सरकार द्वारा आर्थिक नीति बनाने, मुद्रास्फीति का मूल्यांकन करने और आर्थिक स्थिति का आकलन करने के लिए किया जाता है।

**Willful Defaulter - इरादतन चूककर्ता**

*(यह भी देखें / also see-* Fit and Proper Person Criteria, Key Managerial Personnel*)*

अर्थात ऐसा व्यक्ति या संस्था, जो जानबूझकर अपने ऋण का भुगतान करने में चूक करता है, जबकि अपनी आर्थिक स्थिति या क्षमता के अनुसार वह ऋण का भुगतान में समर्थ है। इसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा परिभाषित किया गया है और इस श्रेणी में आने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं।

**Withdrawable Account – निकासी (आहरण) योग्य खाता**

*(यह भी देखें / also see –* PRAN (Permanent Retirement Account Number), Subscriber, Tier I Account, Tier II Account*)*

यह एक ऐसा खाता होता है, जिसमें जमा की गई राशि में से खाता-धारक अपनी जरूरत के अनुसार धनराशि निकाल सकता है। ऐसे खाते मुख्य रूप से बचत खाते, चालू खाते या पेंशन खातों से जुड़े होते हैं, जहाँ से धनराशि के निकासी की अनुमति होती है। एनपीएस स्थापत्य के अंतर्गत इसका अभिप्राय टियर II खातों से है।

**Working Party on Private Pensions (WPPP) - प्राइवेट पेंशन्स पर कार्यदल**

*(यह भी देखें / also see –* International Organisation of Pension Supervisors (IOPS), Organisation of Economic Co-operation and Development*)*

प्राइवेट पेंशन्स पर कार्यदल (WPPP), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के तहत एक समूह है, जो सदस्य देशों में निजी पेंशन प्रणालियों और नीतियों पर ध्यान केंद्रित करता है। WPPP का महत्त्वपूर्ण योगदान निजी पेंशन प्रणालियों का विश्लेषण, मार्गदर्शन और विकास करने में है, ताकि ये प्रणालियाँ, विशेष रूप से रिटायरमेंट के दौरान आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर सकें।

# Y

**Year-on-Year (Y-o-Y)- वर्ष दर वर्ष**

*(यह भी देखें / also see* –Annual Report, Financial year*)*

यह एक सामान्य सांख्यिकीय और आर्थिक शब्द है जो किसी विशेष अवधि की तुलना पिछले वर्ष की समान अवधि से करने को दर्शाता है। इसका उपयोग आमतौर पर आर्थिक डेटा, जैसे मुद्रास्फीति, उत्पादन, बिक्री या लाभ में बदलावों का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है।

**Yield- यील्ड**

*(यह भी देखें / also see –* Expected Return on Assets*)*

यह एक वित्तीय शब्द है, जिसका उपयोग निवेश से प्राप्त लाभ या रिटर्न को मापने के लिए किया जाता है। सरल शब्दों में, यील्ड यह बताता है कि किसी निवेश (जैसे कि बांड, शेयर, या अन्य वित्तीय उपकरण) पर एक निवेशक को कितनी कमाई या लाभ मिलेगा। यह आमतौर पर एक प्रतिशत (%) के रूप में व्यक्त किया जाता है और समय के साथ मिलने वाले लाभ को दर्शाता है।

## Z

**Zero balance account - शून्य शेष राशि अकाउंट**

*(यह भी देखें / also see-* Co-contribution, Contribution Amount, Pension, Retirement Savings*)*

अटल पेंशन योजना (APY) में Zero Balance का मतलब है कि, ऐसी स्थिति जिसमें किसी अभिदाता के खाते में निर्धारित समय तक न्यूनतम अंशदान राशि न होने के कारण वह खाता शून्य बैलेंस पर आ गया हो। ऐसा तब होता है जब कोई अभिदाता नियमित तौर पर मासिक, तिमाही या छमाही अंशदान नहीं करता है।